

देश में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का निधन हो गया है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 260 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


फास्ट न्यूज

## उज्जैन दुष्कर्म मामला: मुख्य आरोपी ने की भागने की कोशिश

**उज्जैन:** उज्जैन दुष्कर्म मामले में पुलिस की गिरफ्त से एक आरोपी ने गुरुवार को भागने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया और पुलिस ने उसे दबोच लिया।

**क्राइम सीन रीक्रिएट के दौरान भागने की कोशिश:** पुलिस ने बताया कि आरोपित भरत सोनी ने क्राइम सीन रीक्रिएट करने के दौरान भागने की कोशिश की, जिसमें वह गिर गया और उसके पांव में चोट लग गई। पुलिस ने कहा कि आरोपी को पकड़ने के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि आज हम क्राइम सीन को रीक्रिएट करने और लड़की द्वारा पहने गए कपड़े बरामद करने के लिए मौके पर पहुंचे। भरत सोनी ने भागने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। आरोपी गिर गया और उसके हाथ और पैर में चोटें आईं।

## गुरुग्राम के पब, बारों में हुक्के पर पूर्णतया प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशों के अनुसार अब गुरुग्राम के पब, बार में हुक्के पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। आबकारी विभाग ने प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले पब, बार पर कार्यवाही के लिए टीमों का भी गठन कर दिया है। उप-आबकारी आयुक्त अमित भाटिया के मुताबिक गुरुग्राम के सभी 270 पब, बार पर बारी-बारी से जांच की जाएगी।

# 'इंडिया' में दिखने लगीं दरारें

= कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा को आठ साल पुराने केस में गिरफ्तार किया, खैहरा के खिलाफ 2015 के ड्रग्स मामले में जांच चल रही थी, पंजाब कांग्रेस ने काटा बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** पुलिस ने गुरुवार सुबह कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा को आठ साल पुराने केस में गिरफ्तार किया है। खैहरा के खिलाफ 2015 के ड्रग्स मामले में जांच चल रही थी। इसमें डीआईजी के नेतृत्व में बनी एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई है। एसआईटी में दो एसएसपी भी शामिल रहे हैं। जलालाबाद पुलिस ने वर्ष 2015 में मार्केट कमेटी ढिलवां के पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 2 किलो हेरोइन, 24 सोने के बिस्कुट, एक देसी .315-बोर पिस्तौल, दो पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक टाटा सफारी कार बरामद हुई थी। इस मामले में मार्केट कमेटी ढिलवां के पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह के साथ कथित संबंधों के कारण खैहरा का नाम सामने आया था। खैहरा के साथ-साथ निजी सुरक्षा अधिकारी जोगा सिंह, निजी सहायक मनीष, बाठ गांव (जालंधर) का एक व्यक्ति, एनआरआई यूके निवासी चरणजीत कौर और बाजवा कलां गांव (जालंधर) के मेजर सिंह बाजवा का नाम भी मामले में सामने आया था। गुरुवार को चंडीगढ़ डीएसपी जलालाबाद एआर शर्मा के नेतृत्व वाली टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया है। खैहरा पुलिस अधिकारियों से बार-बार अरेस्ट वारंट की मांग करते दिखे। खैहरा का आरोप है कि पुलिस ने उनको पानी तक नहीं पीने दिया और उसके हाथ से गिलास छीन लिया। इस बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा है कि यह बदले की भावना से की गई कार्रवाई है। सरकार को बदले की भावना को छोड़ना चाहिए।

**गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस में गुस्सा:** खेहरा की गिरफ्तारी भी ऐसे समय में हुई जब कांग्रेस हाईकमान प्रदेश इकाई के विरोध के बावजूद इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल आम आदमी पार्टी के साथ पंजाब में गठबंधन की संभावनाएं तलाश रही है। खैहरा न सिर्फ भुलत्थ से कांग्रेस के विधायक हैं बल्कि कांग्रेस किसान सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। खेहरा लगातार आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। खेहरा की गिरफ्तारी के कारण एक तरफ जहां किसान सेल के प्रदेश प्रधान किरनजीत सिंह सिद्धू का पद संभालने का कार्यक्रम रद्द हो गया। वहीं, पूरी कांग्रेस में गुस्से की लहर दौड़ रही है।

**संभावित गठबंधन पर पड़ सकता है असर:** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा अपने विधानसभा क्षेत्र कादियां से वापस चंडीगढ़ पहुंच गए। प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर खेहरा के साथ खड़े होने की बात कही। कांग्रेस में बढ़े हुए गुस्से का असर 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर आप के साथ होने वाले संभावित गठबंधन पर भी पड़ना तय माना जा रहा है।



### आप पर कांग्रेस ने लगाए 'बदलाखोरी' के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
इसे देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहले ही कांग्रेस के नेताओं को सार्वजनिक मंचों पर अपनी व्यक्तिगत राय न व्यक्त करने के आदेश दे दिए थे। हाईकमान के निर्देश पर भले ही पंजाब के नेता पिछले कुछ दिनों से चुप थे लेकिन खेहरा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर बदलाखोरी की राजनीति करने का आरोप लगा दिए हैं। खेहरा को पुलिस ने जिस तरह से सुबह छह बजे उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया उससे भी कांग्रेसियों में गुस्सा है।

अब इसका सीधा असर इंडिया पर पड़ना तय माना जा रहा है, क्योंकि आप सरकार ने पहले ही न सिर्फ कांग्रेस के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, साधु सिंह धर्मसोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री ओपी सोनी को जेल भेजा है। बल्कि एक दर्जन के करीब विधायकों के खिलाफ विजिलेंस की जांच व उन्हें गिरफ्तार किया है। जिसका असर आईएनडीआईए पर पड़ना तय है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा अपने विधानसभा क्षेत्र कादियां से वापस चंडीगढ़ पहुंच गए।

घमासान

8 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर आप के साथ होने वाले संभावित गठबंधन पर भी पड़ना तय माना जा रहा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट पहुंचे और वहां कारीगरों से मुलाकात की। इसको लेकर उन्होंने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की।

## खनिज उत्पादन जुलाई में 10.7 फीसदी बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश का खनिज उत्पादन जुलाई महीने में सलाना आधार पर 10.7 फीसदी बढ़ा है। खान मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। खान मंत्रालय ने भारतीय खान ब्यूरो के अस्थायी आंकड़ों के हवाले से बताया कि जुलाई 2023 के लिए खनन एवं उत्खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक 111.9 पर था, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.7 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जुलाई में कुल वृद्धि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.3 फीसदी है। जुलाई में महत्वपूर्ण खनिजों में कोयले का उत्पादन 693 लाख टन रहा। लिग्नाइट का उत्पादन 32 लाख टन, पेट्रोलियम (कच्चा) 25 लाख टन, बॉक्साइट 14,77,000 टन और क्रोमाइट का उत्पादन 2,80,000 टन रहा।

## सीएम ने यूएई के प्रवासी हिमाचलियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संयुक्त अरब अमीरात यूएई में प्रवासी हिमाचलियों को पर्यटन, हरित हाइड्रोजन, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना एवं प्रौद्योगिकी और सौर ऊर्जा सहित विभिन्न हरित क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से यूएई में प्रवासी हिमाचलियों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य की प्रगति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उन्हें इन क्षेत्रों में निवेश के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।मुख्यमंत्री ने राज्य की समृद्ध संस्कृति के अग्रदूत के रूप में संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले हिमाचली समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश उनका घर है और किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में प्रदेश सरकार उन्हें हरसंभव मदद प्रदान करेगी।

निमंत्रण

8 हिमाचल उनका घर है और किसी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में सरकार हरसंभव मदद प्रदान करेगी




# शिक्षा मंत्री ने "डीओई निरीक्षण" ऐप का किया शुभारंभ

= स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की जरूरतों को तेजी से पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगाः शिक्षा मंत्री

**पहल**

**8 जब समस्याएं सबमिट हो जाती हैं तो वे ऐप के भीतर अपने शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** की शिक्षा मंत्री आतिशी ने गुरुवार को "डीओई निरीक्षण" मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया है। इस ऐप के माध्यम से सरकारी स्कूलों में बच्चे व शिक्षक सीधे विभाग को स्कूल व पढ़ाई-लिखाई से जुड़े सुझाव व शिकायत भेज सकेंगे। यह इनोवेटिव एप्लिकेशन छात्रों और शिक्षकों को स्कूल से संबंधित समस्याओं को उठाने और स्कूल प्रशासन द्वारा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐप को लांच करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह तकनीकी हस्तक्षेप स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की जरूरतों को तेजी से पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि डीओई निरीक्षण एप हमारे स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। जहां शिक्षक व विद्यार्थी जो स्कूल में महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में भूमिका निभाते हैं, सीधे विभाग तक अपने सुझावों और शिकायतों को भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि इनके सुझावों के साथ हमें अपने स्कूलों में जरूरी बदलाव लाने में मदद मिलेगी और इनकी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा सकेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार छात्रों और शिक्षकों के जीवन को आसान बनाने के लिए विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेप शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। डीओई निरीक्षण ऐप के साथ रोजमर्रा स्कूल में आने वाली चुनौतियों का सामना करने वाले छात्र इन मुद्दों को आसानी से अपने प्रिंसिपल के ध्यान में ला सकते हैं। छात्रों और शिक्षकों को अपनी चिंताओं के समाधान के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्र और शिक्षक समान रूप से अपने स्कूलों से संबंधित किसी भी प्रकृति के प्रश्न और शिकायत दर्ज करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। एक बार जब उनकी समस्याएं सबमिट हो जाती हैं तो वे ऐप के भीतर अपने शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। शिकायतों और प्रश्नों से निपटने की पूरी प्रक्रिया की क्षेत्रीय, जिला और मुख्यालय स्तर पर डीडीई द्वारा बारीकी से निगरानी की जाती है।

### प्रश्न या शिकायत की स्थिति को बदलने का विकल्प होगा

**एप में** केवल प्रधानाचार्य को उठाए गए प्रश्न या शिकायत की स्थिति को बदलने का विकल्प होगा। प्रधानाचार्य उस शिकायत से संबंधित विकल्प र क्लिक करके इन मुद्दों की स्थिति की जांच कर सकते हैं या उसे अस्वीकार भी कर सकते हैं। लेकिन उन्हें इस पर एक वैध टिप्पणी देनी होगी।
उप शिक्षा निदेशक केवल अपने संबंधित क्षेत्रों और जिलों के प्रश्नों और शिकायतों को देख सकते हैं। सभी शिकायतों तक केवल मुख्यालय के अधिकारियों की ही पहुंच होगी।
**एप का उद्देश्य–**
स्कूल के कामकाज से संबंधित मुद्दों को उठाने के लिए आनलाइन मंच देना।
स्कूल के समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर त्वरित जानकारी और अनुरोधों का प्रसार करना

# 'अनुपालन न करने वाले पायलटों पर कार्रवाई का अधिकार'

**मामला गंभीर**

**8 आवश्यकताओं (सीएआर) का अनुपालन नहीं करने वाले पायलटों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) का अनुपालन नहीं करने वाले पायलटों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है। अकासा एयर को राहत प्रदान करने वाले एक अंतरिम फैसले में अदालत ने स्पष्ट किया कि पायलटों के अनुपालन न करने के मामलों में कार्रवाई करने की डीजीसीए की क्षमता पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अकासा एयर के याचिका दायर करने के बाद मामला अदालत के सामने आया है।
हालांकि, विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा था कि उसके पास पायलटों और एयरलाइंस के बीच रोजगार समझौतों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।
अकासा एयर ने उन पायलटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिन्होंने अनिवार्य अनुबंध संबंधी नोटिस अवधि पूरी किए बिना अपना पद छोड़ दिया था। विमानन कंपनी के 40 से अधिक पायलटों के अनिवार्य नोटिस अवधि पूरी किए बगैर त्यागपत्र के कारण जुलाई और सितंबर के बीच उड़ानें बाधित हुईं, जिसके परिणामस्वरूप अंतिम समय में उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई।
अकासा एयर ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया था कि एयरलाइन के साथ अपने समझौतों के संबंध में प्रस्थान करने वाले पायलटों के गंभीर उल्लंघनों के कारण एयरलाइन का परिचालन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है।

# 'बच्चे को हथियार की तरह इस्तेमाल करना मानसिक क्रूरता, उससे तिरस्कार सबसे बड़ा दुख'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने कहा कि तलाक के बाद पति या पत्नी में किसी को भी बच्चे के स्नेह से दूर रखना या बच्चे को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना मानसिक क्रूरता के समान है। इसके साथ ही अदालत ने अलग रह रहे जोड़े के तलाक को भी बरकरार रखा।
हाईकोर्ट ने तलाक देने के 2018 के पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में यह पाया गया है कि बेटी को सेना के अधिकारी पति से पूरी तरह अलग-थलग कर दिया गया और उसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने आदेश में कहा, पारिवारिक न्यायालय के विद्वान प्रधान न्यायाधीश ने सही निष्कर्ष निकाला है कि इस तरह से बच्चे का अलगाव उस पिता के प्रति मानसिक क्रूरता का चरम कृत्य है, जिसने कभी भी बच्चे के प्रति कोई उपेक्षा नहीं दिखाई है। अदालत ने कहा, कलह और विवाद उस जोड़े के बीच था जिसने 1996 में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। रिश्ता चाहे कितना भी कड़वा क्यों न हो, बच्चे को इसमें शामिल करना या उसे पिता के खिलाफ भड़काना या उसके खिलाफ एक औजार के रूप में इस्तेमाल करना उचित नहीं था।
**रोज शराब पीने से कोई शराबी नहीं बन जाताः** अदालत ने याचिकाकर्ता पत्नी की इस आपत्ति को भी खारिज कर दिया कि उसका पति रोज शराब पीता है।

# धार्मिक ग्रंथों पर नहीं कोई कॉपीराइटः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
धार्मिक ग्रंथों पर कॉपीराइट का दावा करने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। अदालत ने माना है कि भगवद गीता या भागवतम जैसे धार्मिक ग्रंथों पर कोई भी कॉपीराइट का दावा नहीं कर सकता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि मूल धार्मिक ग्रंथ के आधार पर किसी व्यक्ति द्वारा की गई व्याख्या, विश्लेषण, समीक्षा, अनुकूलन या नाटकीय कार्य पर उसका कॉपीराइट होगा। ऐसे में प्रथम द्दष्टया याचिकाकर्ता ट्रस्ट के काम का बड़े पैमाने पर चोरी होने के तथ्यों को देखते हुए इस पर रोक लगाई जाती है। इस तरह की चोरी की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अदालत ने उक्त टिप्पणी व आदेश भक्तिवेदांत बुक ट्रस्ट द्वारा कॉपीराइट उल्लंघन से जुड़े मुकदमे पर दिया। मुकदमे का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने कहा कि चार वेबसाइटों, पांच मोबाइल एप्लिकेशन और चार इंस्टाग्राम हैंडल पर उपलब्ध कराई गई पुस्तकें भक्तिवेदांत बुक ट्रस्ट के कार्य की प्रतिलिपि है और इसे स्वामी प्रभुपाद ने लिखी है।
वेबसाइट पर दी गई सामाग्री में श्रील प्रभुपाद के श्लोक, उनके अनुवाद और तात्पर्य, सारांश, परिचय, प्रस्तावना, कवर आदि सभी को पुनः प्रस्तुत किया गया है।

# कश्मीरी गेट फ्लाई ओवर पर खालिस्तानी समर्थन में लिखे नारे मिलने पर केस दर्ज

= पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्प्रे पेंट से उस नारे को मिटा दिया

**जांच जारी**

**8 राजधानी दिल्ली में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए दीवारों को निशाना बनाया जा रहा है**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नारे को मिटाकर इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। भारत के खिलाफ कनाडा में चल रहे खालिस्तान समर्थक और आतंकियों द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए दीवारों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस बार उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में युधिष्ठिर सेतु फ्लाई ओवर पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे मिले। इस मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्प्रे पेंट से उस नारे को मिटा दिया। इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज करके आगे की छानबीन कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में एक गाड़ी भी नजर आई है, जिसमें दो-तीन संदिग्ध नजर आ रहे हैं। फिलहाल गाड़ी का नंबर पता नहीं चल पाया है। पुलिस और भी सीसीटीवी फुटेज को चेक कर रही है। इसकी पुष्टि करते हुए उत्तरी दिल्ली के एडिशनल डीसीपी ने गुरुवार को बताया कि सीलमपुर से कश्मीरी गेट आने वाले युधिष्ठिर सेतु फ्लाईओवर की दीवार पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा नारे लिखे गए। नारे की जानकारी 27 सितंबर को दिल्ली पुलिस को मिली।
वहां पर पुलिस टीम ने पहुंचकर तुरंत नारे को सफेद पेंट से मिटाया और संदिग्धों की तलाश के लिए लगातार कार्रवाई शुरू कर दी। गौरतलब है कि इससे पहले भी पिछले 27 अगस्त को दिल्ली में अलग-अलग कई मेट्रो स्टेशन की दीवारों पर स्प्रे पेंट से खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लिखे थे। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को पंजाब से गिरफ्तार किया था। वह नारा पश्चिमी दिल्ली के पश्चिम विहार, उद्योग नगर, मादीपुर, शिवाजी पार्क और महाराजा सूरजमल स्टेडियम मेट्रो स्टेशन की दीवारों पर लिखे गए थे। उधर, कनाडा में रह रहे सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भी एक वीडियो जारी करके दिल्ली में खालिस्तानी नारे लिखे जाने की बात कही है। उसने वर्ल्ड कप मैच के दौरान भी हमले की धमकी दी है।

# आवास रिनोवेशन में भ्रष्टाचार भी हुआः मनोज तिवारी




**साधा निशाना**

**8 भाजपा मुख्यमंत्री आवास के रेनोवेशन में हुए घोटाले की सीबीआई जांच को जरूरी बताया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के रिनोवेशन में सीबीआई द्वारा अनियमितता और गड़बड़ी की जांच शुरू किए जाने का स्वागत किया है। पार्टी का कहना है कि रिनोवेशन में बेफिजूल ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार भी हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने मुख्यमंत्री आवास के रिनोवेशन मामले में प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। भाजपा मुख्यमंत्री आवास के रेनोवेशन में हुए घोटाले की सीबीआई जांच को जरूरी बताया। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज दिल्ली स्तब्ध है। सरकारों और राजनीति में रूचि रखने वाला हर तबका दिल्ली में अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए अपराध और भ्रष्टाचार पर स्तब्ध है। सीबीआई जांच शुरू हुई है अब आम आदमी पार्टी का बचना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में अगर किसी पार्टी ने सबसे कम समय में लूट और भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित किया है, तो वह पार्टी अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी है। जहां तक दिल्ली के राजमहल के भ्रष्टाचार का मामला है, तो दिल्ली का हर व्यक्ति ये मानता है कि इसमें टॉयलेट और पर्दे ही करोड़ों रुपये के लगे हैं। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि रेनोवेशन आप नेताओं की मानसिकता का हुआ है।

# पत्नी के तलाक की याचिका खारिज

**टिप्पणी**

**8 विवाहेतर संबंध को नजरअंदाज करता है तो बाद में तलाक की कार्यवाही में इसे क्रूरता का कार्य नहीं कहा जा सकता**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने कहा कि यदि कोई पति या पत्नी विवाहेतर संबंध को नजरअंदाज करता है तो बाद में तलाक की कार्यवाही में इसे क्रूरता का कार्य नहीं कहा जा सकता है। अदालत ने केवल क्रूरता के आधार पर तलाक की डिक्री को बरकरार रखते हुए पत्नी की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने कहा कि अगर यह संबंध पति और पत्नी के रिश्ते में एक महत्वपूर्ण मोड़ होता तो चीजें अलग होतीं। वर्तमान मामले में अदालत ने पाया कि पत्नी ने ऐसे प्रकरण के बावजूद, पति के साथ रहना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की थी। पीठ ने कहा कि ऐसे में इस तरह के संबंध को तलाक की कार्यवाही के दौरान पत्नी के प्रति क्रूरता के रूप में नहीं देखा जा सकता है। पीठ ने कह कि यह सही निष्कर्ष निकाला गया है कि यह एक ऐसा कृत्य था जिसे अपीलकर्ता ने माफ कर दिया था, जिसने इस प्रकरण के बावजूद, प्रतिवादी के साथ रहना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की थी। एक बार जब कुछ समय तक चलने वाले कृत्य को माफ कर दिया जाता है, तो तलाक की याचिका पर फैसला करते समय इसे क्रूरता के कृत्य के रूप में नहीं लिया जा सकता।

# मुखर्जी नगर अग्निकांड : कोचिंग सेंटर में लगी आग के बाद भी नहीं लिया सबक

**लापरवाही**

**8 समय हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर एरिया में चल रहे कोचिंग सेंटर को लेकर सख्त आदेश जारी किए थे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुखर्जी** नगर के एन-ब्लॉक में बुधवार रात यदि समय पर बचाव कार्य नहीं होता तो कई छात्राओं की जान चली जाती। इलाके में अभी भी ज्यादातर पीजी में एक-एक कमरे में कई छात्र-छात्राएं रहते हैं, जबकि 15 जून को मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर में आग लगने के बाद खूब हंगामा हुआ था। उस समय हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर एरिया में चल रहे कोचिंग सेंटर को लेकर सख्त आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद पीजी संचालक सबक नहीं ले रहे हैं। लगातार लापरवाही बरती जा रही है। कोचिंग सेंटर में आग लगने के बाद हाईकोर्ट ने पुलिस, दमकल विभाग और नगर निगम को कोचिंग सेंटरों की जांच करने के लिए कहा था। यह भी कहा गया था कि जिन कोचिंग सेंटरों को पास दमकल विभाग की एनओसी नहीं हैं, उन्हें बंद कर दिया जाए। कुछ दिनों के लिए लगा अब बड़ी कार्रवाई होगी। बीस कोचिंग सेंटर को सील कर 80 को नोटिस जारी कर दिए गए, लेकिन समय बीतने के साथ सब ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब दोबारा सब कुछ वैसा ही हो गया है। अलबत्ता गुच्छों की तरह लगे बिजली को मीटरों को व्यवस्थित करने की पहल जरूर की गई है, लेकिन वापस कोचिंग सेंटर और पीजी में सभी छात्रों को उसी तरह ठूंस-ठूंसकर रखा या पढ़ाया जा रहा है। मुखर्जी नगर निवासी सुधा गुप्ता ने बताया कि एरिया में करीब 500 से ज्यादा छोटे-बड़े कोचिंग सेंटर हैं और लगभग 300 से ज्यादा पीजी भी चलाए जा रहे हैं। उनकी स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। मजबूरी में छात्र यहां रहने को मजबूर हैं। पीजी संचालकों के पास आग से बचने इंतजाम भी नहीं हैं। पूरे एरिया को व्यवसायिक बना दिया गया है। कई एनजीओ और आरडब्ल्यूए इसके लिए लड़ाई भी लड़ रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जब यहां का सर्वे कराया गया था तो पता चला था कि महज 67 कोचिंग सेंटर के पास दमकल विभाग की एनओसी मौजूद है। इसके अलावा सभी कोचिंग सेंटर नियमों का उल्लंघन कर चलाए जा रहे हैं। यहां आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हैं। यहां सख्ती जाती तो इन कोचिंग सेंटर व पीजी पर ताला लग जाता, लेकिन शायद प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

# कुत्तों का खौफः दिल्लीः कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे,



**संक्रमण**

**8 कुत्तों के काटने के बाद अस्पतालों में रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। ज्यादातर मामले लावारिस कुत्तों के**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली**-एनसीआर में कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कुत्तों के काटने के बाद अस्पतालों में रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। इसमें से ज्यादातर मामले लावारिस कुत्तों के काटने के होते हैं। आलम यह है कि कई बार संक्रमण बढ़ने से जान भी चली जाती है। एक महीने में लोकनायक अस्पताल में चार मरीज संक्रमण बढ़ने की वजह से पहुंचे, लेकिन हालात नाजुक होने पर उन्हें महर्षि वाल्मिकी संक्रामक रोग अस्पताल रेफर किया गया। इनमें से एक मरीज की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि तीन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। विशेषज्ञों की मानें तो ज्यादातर मरीज सामान्य लक्षणों के साथ अस्पताल आते हैं। समय पर इलाज होने से इन्हें पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कुछ मरीज दूरदराज क्षेत्रों से आते हैं, उन्हें समय पर उपचार नहीं मिलने से स्थिति खराब हो जाती है। ऐसे मरीजों को संभाल पाना कठिन हो जाता है। दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों से जो एक हजार लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचते हैं, उनमें से ज्यादातर मामलों में कुत्ते ने खेल-खेल में दांत मारा होता है। एक से दो फीसदी मामलों में ही काफी बुरी तरह से घायल किया होता है।
**इन अस्पतालों में उपलब्ध है सीरमः** कुत्ता काटने पर बचाव के लिए सीरम की सुविधा सफदरजंग अस्पताल के अलावा डॉ. राम मनोहर लोहिया और एम्स की इमरजेंसी में उपलब्ध है। डॉक्टरों का कहना है कि एंटी रेबीज वैक्सीन से प्रतिजन (एंटीजन) मार दिया जाता है और सीरम एक निष्क्रिय एंटीबॉडी है। यह दोनों ही वैक्सीन नए मरीजों को दी जाती है। कुत्ता, बंदर, बिल्ली व अन्य के काटने पर दोनों ही प्रभावी है।
**लापरवाही न करेंः** सफदरजंग अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश गौतम ने कहा कि कुत्ता काटे तो लापरवाही न करें। बच्चों को विशेष तौर पर बताएं कि कभी भी कुत्ता, बिल्ली, बंदर या अन्य काट ले तो तुरंत बताएं। कई बार इसे हल्का मानकर छोड़ देते हैं और रेबीज फैल जाता है जिसका आगे चलकर कोई उपचार नहीं है। ऐसे मामलों में मरीज की मौत हो जाती है। बीते दिनों एनसीआर का एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें बच्चे को कुत्ते ने काट लिया था और तेजी से संक्रमण फैलने के कारण बच्चे की मौत हो गई थी।
**अस्पताल की हालत खराब :** संक्रमण होने के बाद विशेष सुविधा देने वाले अस्पताल की ही हालत खराब है। डॉक्टरों की माने तो कुत्ता, बिल्ली या अन्य जानवर के काटने के बाद यदि किसी को संक्रमण हो जाता है तो उसे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के किंग्सवे कैंप स्थित महर्षि वाल्मिकी संक्रामक रोग अस्पताल में भेज दिया जाता है। यहां पर उक्त को विशेष सुविधा दी जाती है। यहां हर दिन पांच से 10 मरीज रहते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टर सहित अन्य बुनियादी सुविधा के अभाव में दिक्कत होती है। बीते दिनों मेयर शैली ओबेरॉय ने अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया था और सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए थे।

# एम्स में कॉलेजियम का गठन, तीन से पांच फैकल्टी किए गए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एम्स ने विभागों के प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता लाने और अन्य संकाय सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कॉलेजियम का गठन कर दिया है। इसके तहत एम्स प्रशासन ने संस्थान के 50 विभागों और केंद्रों में कॉलेजियम का गठन किया है। इस कॉलेजियम में विभाग में नियुक्त संकाय सदस्यों की संख्या के आधार पर तीन से पांच सदस्य शामिल किए गए हैं। इस कॉलेजियम के गठन के बाद एम्स प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर इसे लागू कर दिया है। इसलिए एम्स के सभी विभाग और केंद्र अब कॉलेजियम के माध्यम से संचालित होंगे। इसलिए अब विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण फैसले कॉलेजियम आपसी सहमति के आधार पर लेगा।
**कॉलेजियम में विभागाध्यक्ष भी किए गए शामिलः** जिन विभागों में संकाय सदस्यों की संख्या नौ या इससे कम है, उसेके कॉलेजियम में वरिष्ठता के आधार पर तीन फैकल्टी शामिल किए गए हैं।

# पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने अनंत चर्तुदर्शी पर्व की दी बधाइयां

**पूजा-अर्चना**

**8 राजीव जैन ने वासुदेव पूज्य के निर्वाण का लड्डू अर्पित करते हुए की पूजा-अर्चना**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने अनंत चर्तुदर्शी पर्व की बधाइयां देते हुए जन-जन के लिए मंगलकामना की। उन्होंने सेक्टर-15 स्थित जैन मंदिर में कविता जैन के साथ मिलकर पूजा-अर्चना करते हुए वासुदेव पूज्य के निर्वाण का लड्डू अर्पित किया। पूर्व मीडिया सलाहकार ने पूर्ण विधि-विधान तथा श्रद्धा के साथ अनंत चर्तुदर्शी पर्व के समापन दिवस पर पूजा-अर्चना व शांतिधारा की। उन्होंने कहा कि दस दिवसीय पर्व के दौरान भक्तजन व्रत रखते हुए पूजा करते हैं। आज इस पर्व का अंतिम दिवस था। अब आगामी दिवस शुक्रवार 29 सितंबर को जैन समाज के सभी लोग एक-दूसरे से क्षमा मांगेंगे और आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश प्रसारित करेंगे।

इस दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन ने भी अनंत चर्तुदशी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भगवान की दयालुता को दशार्ता है कि भगवान अपने भक्तों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। हमें यह पर्व पूरी श्रद्धा, विश्वास व निष्ठद्वा के साथ मनाना चाहिए और भगवान की कृपा का पात्र बनना चाहिए।

इस अवसर पर राजेश जैन, वाईस प्रेजिडेंट, अतुल, राजेश रेवाड़ी वाले वाईस प्रेजिडेंट, मुनीश केशियर, पवन, अरुण जॉइंट सेक्रेटरी, राजेश मंडी वाले, सार्थक, रश्मि, पियूष, नरेंद्र, परवीन का, शरद जैन, सुबोध जैन, समयक जैन, अलका, कनिका, इंद्रा, उषा और बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रमुख एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हर व्यक्ति को सामाजिक कार्यो में अपनी भागिदारी देनी चाहिए: संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा, (दलबीर मलिक)** लाडवा के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह के कर्मचारियों ने पीर बाबा फकरूदीन अली अहमद जी की मजार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की व भंडारे का शुरूआत करवाई।

नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि जो बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज लोग अपने कामों के साथ-साथ ऐसे धार्मिक व सामाजिक कायोर्में अपनी भागिदारी देते है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सामाजिक कार्यो में अपनी भागिदारी देनी चाहिए। ऐसे कार्यो में भाग लेने से व सेवा आदि करने से मन को भी शांति मिलती है। वहीं प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि हर वर्ष पीर बाबा फकरूदीन अली अहमद जी की मजार पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। उसी कड़ी में गुरूवार को भी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने कढ़ी चावल व जलेबी का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर माया राम, संदीप, रणबीर, सुमित कुमार, अशोक यादव, रामपाल, सतबीर कुमार, सोहन लाल, राम सिंह, बनवारी लाल, सिंह राम, रोशन लाल, राम शग्न, सतविन्द्र आदि मौजूद थे।

## पंजोखरा में शहीद स्मृति वन स्थापना एवं शहीद परिजन समारोह आयोजित

**सम्मान**

**8 मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शहीदों के परिजनों को शाल भेंट कर सम्मानित करने का काम भी किया**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
वन मंडल अम्बाला की ओर से गांव पंजोखरा साहिब में शहीद स्मृति वन स्थापना एवं शहीद परिजन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डा. शालीन ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शहीदों के परिजनों को शाल भेंट कर सम्मानपूर्वक सम्मानित करने का काम भी किया। इस मौके पर डीएफओ पवन शर्मा ने मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश भी दिया। वन विभाग द्वारा यहां पर पर्यावरण संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई गई। उपायुक्त ने इस मौके पर उपस्थित शहीदों के परिजनों व गांववासियों के साथ-साथ अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम आजादी की खुली हवा में जो सांस ले रहे हैं वह हमारे वीर सैनिकों की बदौलत है। वे बोर्डर पर दिन-रात पहरा देकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। हमें अपने वीर सैनिकों के बलिदान एवं वीरता को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी को वीर शहीदों के इतिहास एवं गौरव गाथाओं बारे भी अवगत करवाना चाहिए। उन्होंने इस मौके पर वन विभाग द्वारा शहीद स्मृति वन स्थापना कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों के परिजनों को जो सम्मान करने का जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है, उसकी सराहना की। उन्होंने इस मौके पर शहीदों के परिजनों को जिनमें हरदीप कौर, त्रिलोचन सिंह, प्रीतम कौर, विनित कुमार, हरबंश, फूलवती, जसबीर कौर, छिब्बर जी व अन्य को सम्मानित किया। इस मौके पर वन विभाग से आए कमल यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति सभी को जागरूक होना होगा। जिस प्रकार हमारे वीर देश की रक्षा के लिए सजग रहते हैं उसी प्रकार हमें पर्यावरण के प्रति स्वयं सजग रहना है और दूसरों को भी सजग करना है। उन्होने कहा कि इन समारोह में उन सभी शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने का काम किया जा रहा है जिन्होंने देश की आजादी में अपना योगदान दिया है। उन्होने कहा कि पेड़ लगाना आम है, पेड़ बचाना खास है। उन्होने पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। गांव के सरपंच सुखविन्द्र सिंह बोबी, डीएफओ पवन शर्मा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, कार्यकारी अभियंता नवदीप, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता, बीडीपीओ सुमन कादियान, बीडीपीओ संजय टांक, बीडीपीओ सुशील मंगला, बीडीपीओ नेहा शर्मा, ब्लॉक समिति के चेयरमेन, राम बाबू यादव, सुरेन्द्र तिवारी, भारत कौछड के साथ-साथ गांव के अन्य गणमान्य लोग व वन विभाग के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आईजीयू में शहीद भगत सिंह को किया गया याद

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने कहा कि भगत सिंह द्वारा भारत की आजादी में दिए गए उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उनकी देशभक्ति को समझते हुए हमें भगत सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए एवं कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा प्राप्त करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलसचिव प्रोफेसर गुलशन लाल तनेजा ने कहा कि भगत सिंह की तरह हम सभी युवाओं को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सकारात्मक चीजों को अपनाना चाहिए।

## 'सेक्टर 14 की जल भराव की समस्या का होगा हल'

**राहत मिलेगी**

**8 बारिश के दौरान सैक्टर -14 की सड़कों पर भारी जल जमाव हो जाता था**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सैक्टर -14 निवासियों के लिए एक बहुत बड़ी राहत की खबर है। बारिश के दौरान सैक्टर -14 की सड़कों पर भारी जल जमाव हो जाता था जिससे सड़कों पर ट्रैफिक समस्या हो जाती थी और लोगों के घरों के अंदर तक पानी पहुंच जाता था। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए सैक्टर -14 की सभी मुख्य सड़कों के नीचे एक बड़ी लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। वार्ड-3 पार्षद एवं सैक्टर -14 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र मदान ने, आर डब्लू ए के सह सचिव एम एल आहूजा के साथ उक्त लाइन बिछाने के काम का निरीक्षण करते हुए कहा कि बारिशों के दौरान जल जमाव की समस्या से निदान दिलाने के लिए मुझ पर निरंतर दबाव बना रहता था। मेरे निरंतर प्रयासों और निगम के सहयोग से अब उक्त समस्या का समाधान हो जाएगा। सेक्टर 14 की सभी मुख्य सड़कों के नीचे एक बड़ी लाइन बिछने के बाद अंदर की छोटी लाइनों के पानी की तुरंत निकासी बड़ी लाइन के माध्यम से संभव हो पाएगी। सुरेंद्र मदान ने कहा कि वे निरंतर अपने वार्ड की छोटी बड़ी समस्याओं से अवगत रहते हैं। और आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए निगम पर निरंतर दबाव बनाकर रखते हैं और जैसे ही प्रक्रिया पूरी होती है, काम करवा दिया जाता है।

उन्होंने सैक्टर-14 निवासियों सहित सभी वार्ड तीन निवासियों से अपील की कि वे अपना सहयोग और आशीर्वाद उन पर बनाए रखें जिससे उनके अंदर वार्ड तीन निवासियों की सेवा करने की ऊर्जा और उत्साह बना रहे।

## 13 अक्टूबर को होगी यातायात नियमों को लेकर स्कूल स्तरीय परीक्षा: सुरेन्द्र सिंह भोरिया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित होगी यातायात नियमों को लेकर स्कूल स्तरीय परीक्षा। जानकारी देते हुए यातायात समन्वक उप निरीक्षक रोशन लाला ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निदेशों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया जाएगा। 13 अक्टूबर 2023 को इस क्विज क्पीटीशन की स्कूल स्तरीय परीक्षा करवाई जाएगी। यह परीक्षा तीन स्तरों पर होगी। पहले लेवल में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8 तथा लेवल 3 में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता 4 स्तरों जिसमें ब्लॉक स्तर, उप मण्डल स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को उप मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। उप मण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले का मौका मिलेगा।

## बेसहारा महिला व पुरुष को अपना घर आश्रम भेजा



**बेसहारों का सहारा**

**8 रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उसे बेसहारा का फर्स्ट एड किया जिनकी संख्या 152 व 153 हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
समाज कल्याण शिक्षा समिति व सोनीपत पुलिस के सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाई जा रही बे सहारा व्यक्तियों को ढूंढ कर अपना घर आश्रम भेजने की मुहिम को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा एक बेसहारा महिला व एक पुरुष जिसकी सूचनासमाज कल्याण शिक्षा समिति व सोनीपत पुलिस के सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाई जा रही बे सहारा परभुवो को ढूंढ कर अपना घर आश्रम भेजने की मुहिम को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा एक महिला प्रभु व 1 पुरुष प्रभु जिसकी सूचना आजाद सिंह का फोन आया था जयंत प्रधान के पास है जिन्होंने बताया एक व्यक्ति स्टेशन पर पड़ा है जिसके पैरों में कीड़े लग रहे है तो बाद में फिर सबको संपर्क किया गया था। हेल्पिंग हैंड्स फॉर ह्यूमैनिटी सोसायटी के प्रधान जयंत एडवोकेट व उनकी टीम राजू रिंकू विकास अमन आजाद राहुल ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर उसे बेसहारा का फर्स्ट एड किया जिनकी संख्या 152 व 153 हो गई। जिसके बाद उस बेसहारा महिला व पुरुष की फोटो वीडियो तैयार कर अपना घर आश्रम भेजी गई। जिसके उपरांत दोनों जगह से अलग-अलग एंबुलेंस आई और दोनों बेसहारा को पुलिस फॉर्मेलिटी व हॉस्पिटल से डॉक्टरी कराने के उपरांत इनको भेजा गया। हेल्पिंग हैंड्स फॉर ह्यूमैनिटी सोसायटी जो गऊ रक्षा मे कार्यरत है इनको भी कहीं इस तरह के बेसहारा मिलते हैं तो इनका भी इनको भेजने में अहम योगदान रहता है।

## आईजीयू में धूमधाम से किया गया गणपति जी का विसर्जन

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी इंदिरा गांधी** विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के वाणिज्य विभाग में मिट्टी द्वारा स्थापित किए गए गणपति जी का बड़े ही धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया और चिकनी मिट्टी द्वारा गणपति की मूर्ति बनाई गई तथा केमिकल युक्त रंगों व गुलाल के स्थान पर फूलों की वर्षा की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी यादव एवं कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने भी शामिल होकर गणपति जी का आशीर्वाद लिया।

## 'शहीद भगत सिंह के विचार सदैव देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे'

**प्रेरणास्त्रोत**

**8 भगत सिंह जी के विचार, देश प्रेम सदैव देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी मार्किट में स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा व विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भगत सिंह जी के विचार, त्याग और देश प्रेम की भावना सदैव देशवासियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह के आदर्शों पर चलते हुए सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। महान शहीदों ने आजाद भारत के लिए जो सपना देखा था उन सपनों को पूरा करने के लिए युवा कड़ी मेहनत करें। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि देश हमेशा भारत के महान सपूत शहीद भगत सिंह का ऋणी रहेगा जिसने देश की आजादी के लिए अपने आप को कुर्बान कर दिया। इसके लिए उनके द्वारा दी गई कुर्बानी को हमेशा याद किया जाएगा।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. डीएस राणा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. सोमवीर जाखड़, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, सहायक कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा, एक्सईएन राजपाल सहित शिक्षकों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने भी शहीद भगत सिंह को अपने श्रद्धासुमन भेंट किए।

# शिक्षा और संस्कार के बिना कोई भी समाज नहीं कर सकता तरक्की: बनवारी

### सहकारिता मंत्री ने सामाजिक समरसता सम्मान समारोह में कुरुक्षेत्र के विकास एवं अन्य सराहनीय कार्यों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य लोगों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया

**बाबा साहब के विचार**

**8 भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षित बनने के लिए जागृति लाई। बाबा साहेब के आदर्शो को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि शिक्षा संस्कारों के बिना कोई भी समाज, परिवार और देश तरक्की कर नहीं सकता। इसलिए परिवार, समाज और देश की तरक्की के लिए सभी को अच्छी शिक्षा और संस्कार ग्रहण करने चाहिए। इस विषय को लेकर ही भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षित बनने के लिए जागृति लाई। आज समाज के लोगों को बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।

हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल वीरवार को डा. बीआर अम्बेडकर हेल्थ एवं एजुकेशन समिति की तरफ से गांव मथाना (कडामी रोड) पर बने डॉ. अंबेडकर फार्मेसी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल,पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, डा. बीआर अम्बेडकर फार्मेसी कॉलेज के चेयरमैन सूरजभान कटारिया, डेयरी विकास निगम के चेयरमैन रणधीर सिंह ने सबसे पहले भारत रत्न बाबा डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा एवं राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। इसके उपरांत सहकारिता मंत्री ने डा. बीआर अम्बेडकर हैल्थ एवं एजुकेशन समिति द्वारा बनाए जाने वाले डा. बीआर अम्बेडकर के कॉलेज के द्वितीय भवन की आधारशीला भी रखी। इस दौरान सहकारिता मंत्री ने सामाजिक समरसता सम्मान समारोह में कुरुक्षेत्र के विकास एवं अन्य सराहनीय कार्यों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य लोगों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान सहकारिता मंत्री ने संस्थान को अपने ऐच्छिक कोटे से 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की है। इस कॉलेज के परिसर में सहकारिता मंत्री बनवारी लाल ने पौधारोपण भी किया।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलकर डा. बीआर अंबेडकर हैल्थ एवं एजुकेशन समिति द्वारा फामेर्सी कॉलेज की स्थापना करना एक सराहनीय कार्य है।

पूर्व विधायक एवं महामंत्री डा.पवन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाडवा हल्के के विकास में कोई कसर नहीं छोडी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री महात्मा ज्योतिबा फूल्ले, बाबा साहेब और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान लोगों के पदचिन्हों पर चलकर लोगों की सेवा करने का काम कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं कॉलेज के चेयरमैन सूरजभान कटारिया ने सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल को सामाजिक समरसता के काम पूरे प्रदेश में करने के लिए बधाई दी और उन्होंने डॉ आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए ही ग्रामीण आंचल में डा. बीआर अम्बेडकर फार्मेसी कॉलेज स्थापित किया गया है। इस वर्ष फामेर्सी डिप्लोमे की 60 सीट मिली है।

## न्यूज फ्लैश

### कृष्ण छौक्कर का हुआ भव्य स्वागत



**समालखा, कमाल हुसैन**
**माडल टाउन** के रघुनाथ मन्दिर में आज भव्य श्री गणेश महोत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में भाजपा के जिला महासचिव कृष्ण छौक्कर किवाना मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर कृष्ण छौक्कर का आयोजकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। यहां पर बोलते हुए मुख्य अतिथि कृष्ण छौक्कर किवाना ने कहा कि भगवान श्री गणेश जी को हर शुभ कार्य में सबसे पहले पूजा जाता है। ऐसे भगवान जी के इस विशाल महोत्सव में उनको मुख्य अतिथि बनने का मौका मिला यह उनके लिए परम सौभगय की बात है। इस पुण्य कार्य के लिए व उन्हें इतना मान सम्मान प्रदान करने के लिए वह समस्त आयोजक समिति का धन्यवाद करते हैं। छौक्कर ने कहा कि अपने भगवानों के उत्सव मनाना संस्कृति को जिंदा रखना है। इस अवसर पर प्रदुमन गुत्यानी, इंद्र लाल, विनोद मल्होत्रा, मन्नू छाबड़ा, नरेश गुलाटी, बलवंत मल्होत्रा, राजेंद्र टंडन, सुभाष मल्होत्रा, रमेश छाबड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### आकाश बायजूस के 35वें स्थापना दिवस पर 978 रक्तवीरों ने डोनेट किया बल्ड



**करनाल।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी, आकाश बायजूस ने उत्तर भारत में जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान राज्यों की 46 शाखाओं में अपने 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिन शहरों में भारी संख्या में रक्तदाता आए उनमें जम्मू, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, रोहतक, हिसार, करनाल, जयपुर, जोधपुर और सीकर शामिल हैं। यहां कुल 978 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।
इस कार्यक्रम में आकाश के समर्पित स्टाफ सदस्यों सहित बड़े पैमाने पर लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। नीट, आईआईटी जेईई और ओलंपियाड की तैयारी के लिए देश के प्रमुख संस्थान के रूप में आकाश को सामाजिक जिम्मेदारी की मजबूत भावना के लिए भी जाना जाता है। संस्था के 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर समाज को वापस लौटाने की आकाश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह आयोजन एक जबरदस्त सफलता थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करने आए और जीवन बचाने के नेक काम में अपना योगदान दिया।
आकाश एजूकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर श्री परमेश्वर झा ने कहा, "हम अपना 35वां स्थापना दिवस मनाने को लेकर रोमांचित हैं।" "हमारा मिशन हमेशा छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाना रहा है। लेकिन हम यह भी मानते हैं कि शिक्षा पाठ्यपुस्तकों से परे है। इसमें समाज के प्रति सहानुभूति और जिम्मेदारी शामिल है। यह रक्तदान शिविर हमारी कृतज्ञता का एक छोटा सा प्रतीक है वे समुदाय जिन्होंने पिछले 35 वर्षों से हमारा समर्थन किया है।"
रक्तदान शिविर समाज के कल्याण के लिए आकाश की प्रतिबद्धता का उदाहरण है और इस विश्वास को रेखांकित करता है कि शिक्षा संस्थान जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो समाज की बेहतरी में सक्रिय रूप से योगदान करते हैं।
आकाश उन सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने रक्तदान शिविर को उल्लेखनीय सफलता दिलाई। यह आयोजन एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के बारे में नहीं है; यह दयालु व्यक्तियों के पोषण के बारे में है जो दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

# 'केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का कर रही दुरूपयोग'

## राजस्थान कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण जीडीपी में उत्तर भारत में नंबर 1: गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को अटेली से सटे हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिले के काठूवास गांव में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के पैतृक गांव में उनके माता-पिता की प्रतिमा का अनावरण व जनसभा का संबोधित किया। काठूवास गांव तीन ओर हरियाणा से घिरा होने के का कारण प्रदेश के अनेक मंत्री व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के नेतृत्व में विशाल समारोह का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने हिस्सा लेकर पूर्व सरपंच लेखराम ठेकेदार के द्वारा सामाजिक कार्यो को याद किया।
मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान अपने कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण जीडीपी में उत्तर भारत में नंबर 1 तथा देश में नम्बर 2 राज्य बन गया है। आईटी, दुग्ध उत्पादन और दलहन उत्पादन में भी राजस्थान देश का अव्वल राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले 5 सालों में 90 से अधिक विश्वविद्यालय और 310 महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। वृहद स्तर पर उप तहसील, तहसील, सीएचसी, पीएचसी, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खोलकर प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया गया है। राज्य की योजनाओं का अन्य प्रदेश भी कर रहे अनुसरण कर रहे है। प्रमुख योजनाओं में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना, आरजीएचएस जैसी योजनाएं देश में मिसाल बनी हैं। अन्य राज्य भी राजस्थान की योजनाओं और फैसलों का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार से अपील की है कि वे भी राज्य सरकार की योजनाओं का अध्ययन कराकर देशभर में ऐसी योजनाएं लागू करें। सीएम गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई, आय कर जैसी स्वायत एजेंड्र्सयों का दुरूपयोग कर देश के संघीय ढ़ाचे प्रजातांत्रिक को कमजोर कर रही है। आने वाले चुनावों भाजपा को जनता वोट के माध्यम से जबाब देंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र को जिला बनाकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है।

**अनावरण**

8 टीकाराम जूली के पैतृक गांव में उनके माता-पिता की प्रतिमा का अनावरण किया

### राम का वन प्रस्थान, दशरथ ने त्यागे प्राण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)श्री जयभारत रामलीला** ड्रामाटिक क्लब की ओर से बुधवार रात्रि श्रीराम का वन प्रस्थान व दशरथ मरण प्रसंग बहुत ही शानदार दृश्यों व संवादों के साथ दशार्या गया। इस अवसर पर समाजसेवी अवनी गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि श्रीराम आरती में भाग लिया। क्लब के सदस्यों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिहन प्रदान किया। मुख्यातिथि ने कहा कि श्रीराम जैसा आदर्श दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी सपना रहा कि भारत में राम राज्य स्थापित हो।रामलीला के मंच पर छोटे-छोटे बच्चों को लोरी दी गई। मंच से दानी सज्जनों की घोषणा भी की गई। इस मौके पर दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए।
डायरेक्टर सुनील भटनागर ने बताया कि सुरेश कश्यप ने दशरथ,राम कुमार कश्यप ने राम,दर्शन भटनागर ने लक्ष्मण,नीरज कश्यप ने सीता,हेमन्त स्वरुप भटनागर ने कौशल्या,शेर सिंह ने सुमित्रा और बोनू ने कैकेई का अभिनय किया।

## युवाओं ने संजय अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत** शहरी विधानसभा कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस पार्टी में दिन प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आनंद गहलोत, अंकित गहलोत के चाचा अपने साथी ऋ षि गिल, सोनू, मनोज, प्रदीप, अंकुश मॉडल टाउन भी अपने साथियों के साथ संजय अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। वहीं संजय अग्रवाल ने सभी को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया। साथ ही आनंद गहलोत एवं उनके साथियों ने संजय अग्रवाल को विश्वास दिलाया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में तन,मन,धन से कांग्रेस व उनके लिए काम करेंगे और जीत का परचम पानीपत शहर पर लहराएंगे।
वहीं अंकुश मॉडल टाउन ने बताया कि वह पहले जिस भी नेता के साथ थे उन्होंने कभी भी हमारा कोई काम नहीं कराया जबकि संजय अग्रवाल ने एक बार फोन करने पर हमारे साथ खड़े मिले।

### आईजीयू में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**इंदिरा गांधी** विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के विधि विभाग में जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, रेवाड़ी के माध्यम से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सत्र न्यायालय, रेवाड़ी के अधिवक्ता श्री राजीव गुप्ता जी डीएलएसए (ऊछरअ) की तरफ से विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए उपस्थित रहे। विधि विभाग के लीगल एंड सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ. मीनू यादव ने श्री राजीव गुप्ता जी का स्वागत किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी प्रदान करना रहा। श्री राजीव गुप्ता जी ने ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस पॉलिसी, मोटर व्हीकल एक्ट तथा चेक बाउंस से संबंधित सभी तथ्यों पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया।

## हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा रानी ने प्रथम, शंकर ने छठा स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आई.बी. स्नातकोत्तर** महाविद्यालय, पानीपत के छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में एम. ए. हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा रानी ने प्रथम, शंकर ने छठा, सूचिका ने सातवां एवं दीक्षा देवी ने नौवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने के साथ-साथ माता-पिता का नाम भी रोशन किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्यों ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय की परंपरा के अनुरूप विश्वविद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में शीर्ष 10 में आने वाले विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सफलता का कोई मंत्र नहीं है यह तो सिर्फ परिश्रम का फल है। ये विद्यार्थी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करते हैं। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. शशी प्रभा जी ने विद्यार्थियों को कहा कि जिस प्रकार सूर्य जलकर प्रकाश फैलाता है उसी प्रकार अथक प्रयास से ही सफलता हासिल होती है। उन्होंने बताया कि 2015 से लगातार हमारे विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर रहे हैं। और लगभग 115 से अधिक विद्यार्थी विश्वविद्यालय में टॉप टेन में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं` विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व प्राध्यापकों की मेहनत व कुशल मार्गदर्शन को दिया` सम्मान समारोह के अवसर पर डॉ. शशि प्रभा, डॉ. सुनीता, डॉ. निर्मला, डॉ. पूजा व डॉ. रेखा आदि मौजूद रहे`

## प्रदेश को स्वच्छता मॉडल के रूप में तैयार करने में ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका: कंवलजीत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला** परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की शुरूआत केंद्रीय सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत की गई थी। पहले बहुत से ऐसे शहर और कस्बे थे जहां पर सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता था। जिसकी वजह से देश में बीमारियां बढ़ती थी। इस समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण को शुरू किया है। यह अभियान 26 जनवरी 2024 तक चलाया जाएगा। जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में जिला परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण योजना समारोह में बोल रही थी। इससे पहले जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, जिला परिषद सीईओ अशोक मुंजाल, लेखा अधिकारी सत्यभूषण द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण योजना के तहत जिले की 15 ग्राम पंचायतों को प्रथम चरण में अपने-अपने गांवों को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया। इस स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत गीले, शुष्क और खतरनाक अपशिष्ट को अलग करने, गीले अपशिष्ट के निपटान की प्रक्रिया, गीले और शुष्क अपशिष्ट का निपटान और पुनर्चक्रण, निर्माण मलबा का निस्तारण, कचरा स्थल पर फेंके जाने वाले कचरा की मात्रा और गांवों में स्वच्छता अभियान के तहत गांवों में ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छता का कार्य किया गया है, जिससे शहरों की तर्ज पर गांवों का स्वच्छता के क्षेत्र में विकास किया जा सके और प्रदेश को स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर एक के स्थान पर लाया जा सके।
जिला परिषद के सीईओ अशोक मुंजाल ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत सभी गांवों ने स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा व सराहनीय कार्य किया। उन्होंने शेष बची ग्राम पंचायतों से अपील करते हुए कहा कि वे इन 15 ग्राम पंचायतों से प्रेरणा ले और अपने-अपने गांवों को स्वच्छ रखने में प्रशासन का सहयोग करे।
प्रथम चरण में 15 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत चनारथल सरपंच जसविन्द्र कौर, ग्राम पंचायत रामशरण माजरा सरपंच रीना देवी, ग्राम पंचायत मोहडी सरपंच सुखदीप सिंह, ग्राम पंचायत बडौंदी सरपंच मलकीत कौर, ग्राम पंचायत जलबेहडा ब्लॉक इस्माइलाबाद सरपंच रीना देवी, ग्राम पंचायत बाबैन सरपंच संजीव कुमार, ग्राम पंचायत धनौरा जाटान सरपंच सुभाष चंद, ग्राम पंचायत कोलापुर सरपंच कमलेश रानी, ग्राम पंचायत अभिमन्युपुर सरपंच गौरव आर्य, ग्राम पंचायत किरमच सरपंच रणबीर सिंह, ग्राम पंचायत अढोन सरपंच रीना रानी, ग्राम पंचायत अजरानी सरपंच दलबीर सिंह, ग्राम पंचायत हरिगढ भौरख सरपंच कमल कुमार, ग्राम पंचायत उमरी सरपंच मीना देवी को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने पर सम्मानित किया गया है।

### शिखर धवन की दा वन स्पोर्ट्स अकादमी ने ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार किया

**रोहतक।** प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने अपनी संस्था दा वन स्पोर्ट्स अकादमी के माध्यम से, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल रोहतक के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करते हुए छात्रों के समग्र विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इस वेंचर का उद्देश्य स्पोर्ट्स ट्रेनिंग में क्रांति लाना और छात्रों के में बुनियादी वर्षों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। इसका प्राथमिक लक्ष्य खेल में उत्कृष्टता की संस्कृति का पोषण करते हुए अनुशासन, टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और एथलेटिसिज्म जैसे मूल्यों की स्थापना करना है। शिखर धवन की क्रिकेट विशेषज्ञता और दा वन स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली सुसंगठित पद्धतियों के माध्यम से, यह साझेदारी छात्रों को एक ऐसे खेल प्रशिक्षण अनुभव/ प्रदान करने के लिए तैयार है जो छात्रों में आमूलचूल परिवर्तन लेकर आएगा।
ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक की प्रिंसिपल श्रीमती शैली गांधी कहती हैं, " ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में शिखर धवन स्पोर्ट्स अकादमी का स्वागत करते हुए हम बेहद रोमांचित हैं। निस्संदेह यह पहल हमारे छात्रों को अधिक समर्पण और जुनून के साथ खेलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देगी। समग्र रूप से देखा जाए तो यह पहल अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम खिलाड़ी गढ़ने में योगदान देगी।शिखर धवन की पहल, दा वन ग्रुप के सीईओ अमितेश शाह इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहते हैं, " दा वन स्पोर्ट्स ने सोनीपत और अब रोहतक में ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल परिसरों/कैंपसेस के साथ खेल भावना के अनुरूप गौरवपूर्ण साझेदारी की है, जो कि ज्यादा फिट और ज्यादा वाइब्रेंट भारत की और बढ़ने की दिशा में हमारा कदम है। हमारी प्रत्येक साझेदारी के द्वारा हम एक स्वस्थ राष्ट्र के हमारे दृष्टिकोण के और करीब जाते हैं।

### फेडरल बैंक ने पंजाब में किया विस्तार, राजपुरा में खोली शाखा

**टीम एक्शन इंडिया/राजपुरा**
फेडरल बैंक ने मंगलवार को राजुपरा स्थित फाऊंटेन चौक में अपने नई दिल्ली जोन के अतंर्गत 135वीं शाखा का उद्घाटन किया जिससे की बैंक का समूचे देश में 1393 शाखाओं को मजबूत नैटवर्क गठित हो गया है। शाखा का विधिवत उद्घाटन राजपुरा की विधायक नीना मित्तल और कौली स्थित सेंट जोसफ कोनवेंट स्कूल के फादर युसुफ मसीह ने फे-डरल बैंक के नई दिल्ली स्थित जोनल आफिस के वाईस प्रेजीडेंट नटराजन पीवी, चंडीगढ़ कलस्टर के डिप्टी वाईस प्रेजीडेंट व ऐरिया हेड सन्नी दहुजा और शाखा प्रबंधक भरत बहल की मौजदूगी में किया।इस अवसर पर मुख्यातिथि नीना मित्तल ने बैंक प्रबंधकों को बधाईयां व्यक्त करते हुये कहा कि नई स्थापित यह शाखा स्थानीय लोगों को और अधिक रुप वित्तीय सशक्त करने में सहायक सिद्ध होगी।

## सेवा समिति की नि:शुल्क मासिक बस यात्रा के पांच वर्ष पूरे



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**मां शाकुंभरी** देवी सेवा मंडल द्वारा पानीपत से मां शाकुंभरी देवी निःशुल्क मासिक बस यात्रा के पांच साल पूरे होने पर आज सलारगंज गेट पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम पार्षद एवं समाजसेवी विजय जैन रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राधा रानी सेवा समिति के प्रधान सुभाष गोयल एवं श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के संरक्षक एवं ऊंची दुनिया सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनोद पांचाल रहे। वहीं संस्था के पांच साल पूरे होने पर मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ठ अतिथियों ने मंडल के सदस्यों एवं सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने केक काटा व सबको खिलाया। मुख्य अतिथि विजय जैन ने कहा कि लोगों को धार्मिक स्थल के दर्शन करवाना बहुत ही सराहनीय एवं पुन्य का कार्य है। मंडल ने जो यह शुरूआत की है उसके आज पांच वर्ष पूरे होने पर उनकी टीम बधाई की पात्र है भविष्य में भी इस प्रकार के कार्य मंडल करता रहे उसके लिए वह सदैव उनके साथ हैं। वहीं अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने बताया कि सितंबर 2018 में बस की शुरूआत की गई थी जो निरंतर सहयोगियों के सहयोग से चली आ रही है। मंच संचालन युवा समाजसेवी मेहुल जैन एडवोकेट ने किया। वही टीवी कलाकार मनोज पांचाल ने भी अपनी प्रस्तुति देकर श्रद्धालु को शुभकामनाएं दी।

# भगत सिंह जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**गुरूवार, 28 सितम्बर** को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 117वीं जयंती पर भगत सिंह मैत्री संस्था ने शहर के बादली रोड पर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माउंट एवरेट की चोटी को फतेह करने वाले दुल्हेड़ा गांव से संबंधित कुलदीप देशवाल रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गायत्री परिवार द्वारा हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने आहुति डालकर भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्क में स्थित भगत सिंह की प्रतिमा के साथ उनके शहीद साथियों राजगुरु और सुखदेव की भी मूर्ति स्थापना हेतु शिलान्यास कार्यक्रम हुआ जिसमें उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपना हाथ लगाकर मूर्ति कार्य संपन्न किया। तत्पश्चात शहीद यादगार कमेटी ने नाट्य मंचन की जीवंत प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन के दौरान शहर में मेट्रो पिलरों पर शहीदों और महापुरुषों के चित्र अंकित करने में संस्था का सहयोग करने वाले दानी सज्जनों को भी भगत सिंह मैत्री संस्था द्वारा पटका पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त निःस्वार्थ जीव सेवा के लिए पत्रकार विनोद कुमार को भी संस्था द्वारा मास्टर विजपाल छिल्लर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान का पुण्य अर्जित किया। वैश्य बीएड कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने रक्तदान शिविर में सहयोगी की भूमिका अदा की। इस दौरान विधायक राजेन्द्र सिंह जून, बारहा गांव के प्रधान उम्मेद सिंह देशवाल, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी, वेद प्रधान, बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता, भाजपा नेता बिजेंद्र दलाल, जेजेपी हलकाध्यक्ष संजय दलाल, पंकज गर्ग, युद्धवीर भारद्वाज, पंकज गर्ग, नवीन बंटी, शेखर यादव, कोबी प्रधान प्रवीण गर्ग, डॉ बसंत दूबे, डॉ संजय सिंह, ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि सत्यवान दलाल, अनेक पार्षद, जिला पार्षद, सरपंचों सहित क्षेत्र के सैंकड़ों गणमान्य लोग और भगतसिंह मैत्री संस्था के समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## 'संघर्षों के साए में असली आजादी पलती है, इतिहास उधर मुड़ जाता है, जिस और जवानी चलती है'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय पानीपत में शहीद भगत सिंह की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्रों को सभागार में एकत्रित कर बलिदानी का महत्व समझाया गया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जागलान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी बिना कुबार्नी ना मिली और न ही मिल सकती है। आज भी अगर आप पुराने रीति रिवाजों, बुराईयों से आजादी चाहते हं तो आपको पुराने विचारों की कुबार्नी देनी पड़ेगी। सफल विद्यार्थी को नींद की कुबार्नी देनी पड़ेगी। ज्यादा पढना पडेगा। अच्छे चरित्र पाने के लिए बुरी संगति की कुर्बानी देनी पड़ेगी। राजेन्द्र जागलान ने हमारे देश की आजादी में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के योगदान के बारे में बच्चों को बताया और उन्हे उनके जीवन से प्रेरणा लेने को कहा ।

## संपादकीय

# अब कनाडा आतंकवादियों की बड़ी मंडी

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 20 सम्मेलन के दौरान यह बयान दिया था कि आतंकवाद के किसी भी स्वरूप को वैश्विक स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विश्व के कई देशों ने इसका खुले तौर पर समर्थन भी किया था। अब तक पाकिस्तान ही आतंकवादियों का बड़ा केंद्र बना हुआ था, आतंकवादी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का काम किया करता था और यही कारण है कि वह विकास की मुख्य धारा से अलग होकर कंगाल हो चुका है, जनता को खाने के लाले पड़े हुए हैं महंगाई चरम सीमा पर है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के बड़े प्रोत्साहन से खालिस्तानी आतंकवादी अब कनाडा को अपना केंद्र बन चुके हैं पाकिस्तान खालिस्तानी आतंकवादियों को भारत के विरोध में टेरर फंडिंग भी करता है और आवश्यक सलाह मशवरा देकर ट्रेनिंग देने का काम भी करता आया है, उन्हें कनाडा सरकार का खुला समर्थन प्राप्त है। कनाडा में रहकर खालिस्तानी आतंकवादी पंजाब और पूरे भारत में आतंकी गतिविधियों को संचालित करते आ रहे हैं, ऐसे में कनाडा का भी वही हश्र होना है जो पाकिस्तान का हुआ है। कनाडा के प्राइम मिनिस्टर जस्टिन टुड्रो आतंकवाद की राह पर आगे निकल चुके हैं। आतंकवादी खालिस्तानी उग्रवादियों को अपने पिता की तरह गलती की पुनरावृत्ति कर कनाडा के वर्तमान प्रधानमंत्री खुला समर्थन दे रहे हैं। भारत पर एक कुख्यात आतंकवादी निज्जर की की कनाडा में घुसकर हत्या का बेबुनियादी और प्रमाण विहीन आरोप लगाकर कनाडा के प्रधानमंत्री और उनका देश विश्व में अलग-अलग पड़ चुके हैं। उनकी अपनी संसद में उनका खुलकर विरोध किया जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री को अपने इस बयान पर किसी भी देश का समर्थन प्राप्त नहीं है। भारत के विदेश मंत्री एस,जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली के मंच से कनाडा को खरी खोटी सुनाई भी है यह तय बात है कि भारत का उस हत्या से कोई लेना-देना नहीं है। कनाडा अब पाकिस्तान की तरह विश्व मंच पर अकेला पड़ गया है। आईए एक विश्लेषण करते हैं कि आतंकवाद का मनोविज्ञान क्या है और क्यों तेजी से अपना सर उठा रहा है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम और मणिपुर मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है।

# भारत ग्लोबल साउथ का नेता बनने की ओर

किशन भावनानी

> "चेरी-पिंकिंग (किसे चुने और किसे नहीं) के रूप में क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का अभ्यास नहीं किया जा सकता है। जब वास्तविकता बयानबाजी से दूर हो जाती है तो हमें इसे सामने लाने का साहस होना चाहिए। साथियों बात अगर हम विदेश मंत्री के वक्तव्य पर विशेषज्ञों के विचारों की करें तो, उनके मुताबिक विदेश मंत्री के भाषण में दो-तीन बातें अहम थीं, वो कहते हैं,पहली बात ये कही कि जिन दो-चार बड़े देशों की पूरी दुनिया में चलती थी, जो अपने एजेंडे को दुनियां पर थोपते थे अब उनकी नहीं चलेगी। दुनियां कासमीकरण बदल गया है। अब ग्लोबल साउथ की आवाजें सुनी जाएंगी। दूसरी अहम बात जो उन्होंने कही वो यह कि भारत ने बहुत कामयाबी से जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया"

**वैश्विक** स्तरपर भारत की बढ़ती उपलब्धियों कुछल कूटनीति विदेश नीति, ग्लोबल साउथ में बढ़ते कद, व्यापार व्यवसाय मैन्युफैक्चरिंग के अनेक क्षेत्रों में वैश्विक हब बनने की ओर अग्रसर,भारत में दशकों से उलझे हुए मुद्दे कुशाग्र बौद्धिक क्षमता से सुलझाना अद्भुत अविश्वसनीय है तथा जी-20 दिल्ली घोषणा पत्र को विकसित देशों की सर्वसम्मति से पहले दिन ही पारस्परिक सहमति बनाना दुनियां के देशों को भारत के वैश्विक नेतृत्व करने कीयोग्यता का इशारा दे रहा है, जो बड़े-बड़े विकसित देश इसको समझ रहे हैं, लेकिन बोल नहीं रहे हैं।आखिरकार दिनांक 26सितंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78 वें सत्र में देर शाम विदेश मंत्री ने वक्तव्य देते हुए कहा कि अभी वे दिन लद गए, जब सभी देशों को उनके एजेंडे के अनुरूप सहमति दर्शनां पड़ता था, लेकिन अब स्थितियां बदल गई है अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस बदलते परिपेक्ष में नियमआधारित व्यवस्था और संयुक्त चार्ट का सामान करने और राजनीतिक सुविधा से आतंकवादी उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं बना सकते है। चूंकि 194 देश से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भारत के वक्तव्य को सभी देशों ने गंभीरता से सुना और उससे पहले नमस्ते फ्रॉम भारत पर पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक मंचों पर एजेंडा और मानदंडों को तय करने में भारत के सुझावों को रेखांकित करना समय की मांग है। यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता जरूरी है। साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र महासभा में 26 सितंबर 2023 को माननीय विदेश मंत्री के वक्तव्य की करें तोसंयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत भारत से नमस्ते' बोलकर की।उन्होंने कहा,नमस्ते फ्रॉम भारत (भारत की ओर से नमस्ते) इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।यूएनजीए में कहा कि यूएनएससी में बदलाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कूटनीति और बातचीत से ही दुनियां में तनाव को कम किया जा सकता है। अब वे दिन नहीं रहे हैं, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और बाकी देशों से उनके अनुरूप चलने की उम्मीद की जाती थी। उन्होंने बल देकर कहा कि आज आम सहमति बनाना अनिवार्यता है। उन्होंने कहा



कि संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाना चाहिए और इसके लिए प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों ही आवश्यक है। कनाडा और पाकिस्तान के एक अन्य परोक्ष संदर्भ मे संयुक्त राष्ट्र से कहा कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद या उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं हो सकती है।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नियम-आधारित व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने की अपील की।

किसी देश का नाम लिए बिना उन देशों को भी आड़े हाथों लिया जो दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा, भारत अपनी जिम्मेदारी महसूस करता है। विश्व की वित्तीय संस्थाओं में बदलाव होना चाहिए।यूएनएसी में बदलाव होनाचाहिए। दुनिया उथल-पुथल के दौर का सामना कर रही है। कूटनीति और बातचीत ही तनाव को कम कर सकती है। विश्व से भूख और गरीबी को मिटाना है। दुनियां में कई जगह संघर्ष चल रहा हैदुनियां के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा,भारत में हाल में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ, विश्व के सामने विकास की चुनौति है। उन्होंने कहा,एक पृथ्वी,एक परिवार एक भविष्य का भारत का दृष्टिकोण महज कुछ देशों के संकीर्ण हितों पर नहीं, बल्कि कई राष्ट्रों की प्रमुख चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा,अब भी कुछ ऐसे देश हैं जो एजेंडा को आकार देते हैं और मानदंडों को परिभाषित करना चाहते हैं।यहअनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता।उन्होंने कहा, जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने से संयुक्त राष्ट्र को भी सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने की प्रेरणा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा,गुट निरपेक्ष के युग से निकलकर अब हमने विश्व मित्र की अवधारणा विकसित की है।

वे दिन बीत गए जब कुछ राष्ट्र। भारत की पहल पर जी20 में अफ्रीकन यूनियन विदेश मंत्री ने कहा,भारत की पहल की वजह से जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्यता मिली है। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जिसका काफी समय से हक रहा है. इस महत्वपूर्ण कदम से संयुक्त राष्ट्र, जो उससे भी पुराना संगठन है, सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने के लिए प्रेरित होना चाहिए भारतीय विदेश मंत्री ने कहा अपनी सफलता के साथ विश्वास को बहाल करना है। कोविड का विश्व पर अलग प्रभाव पड़ा है। सतत विकास की विश्व के सामने चुनौती है।दुनिया में गैर बराबरी है.', विकासशील देशों पर ज्यादा दबाव है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान परोक्ष रूप से चीन और पाकिस्तान पर भी निशाना साधा, उन्होंने कहा, बाजार की शक्ति का इस्तेमाल भोजन और ऊर्जा को जरूरतमंदों से अमीरों तक पहुंचाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए, न ही हमें इसका समर्थन करना चाहिए कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा प्रतिक्रियाएं निर्धारित करे।

इसी तरह चेरी-पिकिंग (किसे चुने और किसे नहीं) के रूप में क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का अभ्यास नहीं किया जा सकता है। जब वास्तविकता बयानबाजी से दूर हो जाती है तो हमें इसे सामने लाने का साहस होना चाहिए।

साथियों बात अगर हम विदेश मंत्री के वक्तव्य पर विशेषज्ञों के विचारों की करें तो, उनके मुताबिक विदेश मंत्री के भाषण में दो-तीन बातें अहम थीं, वो कहते हैं,पहली बात ये कही कि जिन दो-चार बड़े देशों की पूरी दुनिया में चलती थी, जो अपने एजेंडे को दुनियां पर थोपते थे अब उनकी नहीं चलेगी। दुनियां कासमीकरण बदल गया है। अब ग्लोबल साउथ की आवाजें सुनी जाएंगी। दूसरी अहम बात जो उन्होंने कही वो यह कि भारत ने बहुत कामयाबी से जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया। नई दिल्ली घोषणापत्र ऐतिहासिक था, जिसे हमेशा के लिए याद रखा जाएगा। भारत की पहल की वजह से अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल किया गया। भारत हमेशा विकासशील कहे जाने वाले देशों या ग्लोबल साउथ की आवाज बना रहेगा।विदेश मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नई दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन से जो कुछ हासिल हुआ, उसकी गूंज आने वाले कई सालों तक सुनाई देगी। उनका कहना था भारतगुटनिरपेक्ष आंदोलन के दौर से बाहर निकल चुका है. हम विश्व मित्र के तौर पर उभरे हैं। विदेश मंत्री के भाषण पर वो कहते हैं,उन्होंने कनाडा भारत तनाव का जो संदर्भ दिया वह अप्रत्यक्ष था। जब उन्होंने कहा कि आप अपनी सुविधा के लिए मुद्दों का चयन नहीं कर सकते। तनाव का एक और परोक्ष संदर्भ यह था कि कैसे कुछ राष्ट्र आज वैश्विक एजेंडा निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा कि इसे अब चुनौती दिए बिना नहीं रहा जा सकता।भारत के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि वो दिन खत्म हो गए जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और दूसरों से उसके अनुरूप चलने की उम्मीद करते थे, ऐसे समय में जब पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण इतना तीव्र है और उत्तर-दक्षिण विभाजन इतना गहरा है, नई दिल्ली शिखर सम्मेलन भी इस बात की पुष्टि करता है कि कूटनीति और संवाद ही एकमात्र प्रभावी समाधान हैं।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नमस्ते फ्रॉम भारत।वैश्विक मंचों पर भारत को नजरअंदाज करने के दिन लद गए-भारत ग्लोबल साउथ का नेता बनने की ओर।वैश्विक मंचों पर एजेंडा और मानदंडों को तय करने में भारत के सुझावों को रेखांकित करना समय की मांग है।

## कविता

### चर्चा

गुनाह बहुत से हो जाते हैं जहां में,
चर्चा जिनकी होती तक नहीं !
निगाहें गुस्ताख भी हो जाती हैं अक्सर,
चर्चा उनकी भी कोई करता नहीं !
पुष्प हवाओं में महक खूब फैलाते हैं,
चर्चा उनकी भी रह जाती है अधूरी ही !
मां के आंचल में महफूज रहता है शिशु ,
किन्तु ममता की चर्चा ज्यादा होती नहीं !
जिंदगी है इक रंगमंच की तरह,
अभिनय कर रहा शख्स हर कोई,
फि र भी चर्चा खुद के अभिनय की
जीवन भर कोई किसी से करता नहीं !
दूसरों को प्रिय लगने वाला यदि
असत्य बोलें तो लगते सभी को प्रिय है,
यदि कहें सत्य बुरा लगने वाला तो
सच बोलने वाले को बुरा कहने के,
चर्चे सदा शुरू कर देती है दुनिया !
हालात जितने भी हों चुनौतीपूर्ण,
किन्तु सकारात्मकता ही रहना चाहिए,
सुनकर लोगों से अपने चर्चे विपरीत !
ईश्वर का दिया कीमती उपहार है समय,
जिसे चचाओं में व्यर्थ ना गंवाना चाहिए।

मुनीष भाटिया

## खाद्य बर्बादी पर जल्द नियंत्रण बेहद आवश्यक

**पृथ्वी** पर प्रत्येक सजीव को जीवित रहने के लिए आवश्यक ऊर्जा भोजन द्वारा प्राप्त होती है, बिना भोजन के ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह सकते, परन्तु सभी जीवो में केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो अपनी जरूरत पूरी होते ही भोजन को महत्वहीन समझकर व्यर्थ कर देता है। मनुष्य के पास खाद्य सामग्री के रूप में स्वाद अनुसार चयन के लिए विविध व्यंजन का विकल्प है, जिसका वह अपने हिसाब से उपभोग करता है। दुनिया में भारत ऐसा देश है, जहां खाद्य बबार्दी और भूख दोनों बड़ी मात्रा में मौजूद है। हमारे यहां सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम अनाज का मोल केवल पैसे से लगाते हैं, जो संपन्न लोग है, वे अपने पसंद अनुरूप भोजन पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो दूसरी तरफ कुपोषितों को पौष्टिक खाना तो दूर, भर पेट अन्न तक नहीं मिलता। भूख सबकी साधारण एक जैसी होती है, फिर भी अनाज का इतना ज्यादा अपव्यय बेहद दुखद है। धरती पर भोजन का दर्जा भगवान के समतुल्य मानकर दुनिया के हर धर्म में विशेष सन्मान दिया है। भोजन का पहला भोग ईश्वर को लगाते हैं, फिर हम भोजन ग्रहण करते है। किसान फसल बुआई से पहले और फसल कटाई पर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद स्वरूप त्यौहार मनाते है। हमारे समाज में अन्नदान को सर्वोपरि माना गया है। जीवन देनेवाले भोजन को हम जरूरत के बाद अगर कचरे में फेंक देते हैं तो हमारे लिए यह बहुत ही शर्मनाक बात हैं, भोजन प्रकृति द्वारा मनुष्य की कड़ी मेहनत से प्राप्त होता है, इसका मोल उसकी कीमत से परे समझना बहुत जरूरी है। पहले अभिभावक अनाज के हर एक दाने का मोल समझें, फिर अपने बच्चों को भी इसकी अहमियत समझाएं। अनाज को उगाने से लेकर हमारी थाली तक पहुंचाने में अनेक लोगों का संघर्ष जुड़ा होता है, किसान अनाज को उगाने के लिए दिन-रात खेत में मेहनत करता है, अनेक बार प्राकृतिक आपदा और आर्थिक संकट से किसान जूझता है, इतनी मेहनत के बावजूद भी बहुत बार उनके अनाज को मंडी में योग्य दाम नहीं मिलता। मंडियों में संग्रहण हेतु गोदामों के कमी के चलते अनाज खुले में रखने को मजबूर होते है, बारिश और खराब मौसम से ऐसा अनाज भीगकर सड़ता है। गोदाम के उचित रखरखाव की कमी के कारण हर साल सैकड़ों टन अनाज चूहे खा जाते है, संघर्ष करते हुए अनेक किसान हताश होकर आत्महत्या करते हैं, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में किसानों की आत्महत्याएं ज्यादा दर्ज होती है। हाल ही में संभागीय आयुक्त विभाग की जारी रिपोर्ट अनुसार, मराठवाड़ा क्षेत्र में 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 के बीच 685 किसानों ने आत्महत्या की है, जो हमारे आधुनिक एवं उन्नत कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक बात है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण अनुसार, भारत देश में खाने से पहले ही एक-तिहाई अनाज बर्बाद हो जाता है।

## विचार

### एमपी में शिवराज व राजस्थान में वसुंधरा का क्या होगा ?

**अशोक भाटिया**

**मध्य प्रदेश** के विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान से पहले ही भाजपा ने 78 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर पार्टी के अंदर और बाहर दोनों जगह खलबली मचा दी है। भाजपा ने मध्य प्रदेश के चुनावी रण में अब तक तीन केंद्रीय मंत्री और 4 सांसदों को उतारा है। ऐसे में अब पूरी उम्मीद है कि राजस्थान में भी भाजपा इसी फामूर्ले पर काम करेगी और राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों की मुताबिक क्षेत्रीय नेताओं, जिनकी अपने समाज में पकड़ है उनको आगे लाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान में 4 से 5 सांसदो को चुनाव लड़ाने की तैयारी भी की जा रही है। राजस्थान विधानसभा चुनावों की रणनीति पर भाजपा आज जयपुर में बैठक कर रही है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल सन्तोष भी मौजूद रहे। इन नेताओं के साथ ही वसुंधरा राजे सिंधिया, गजेन्द्र सिंह शेखावत, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राजेंद्र राठौड़, अरुण सिंह, सतीश पूनिया और सह प्रभारी नितिन पटेल मौजूद हैं। बैठक में परिवर्तन यात्रा के बाद राज्य में भाजपा को लेकर माहौल पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा , मध्य प्रदेश का फॉमूर्ला राजस्थान में अपनाएगी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनावों में तारीखों का ऐलान भले ही अभी तक नहीं हुआ है लेकिन भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा करने लगी है। मंगलवार को भाजपा के राजस्थान चुनाव प्रभारी केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा था कि भाजपा जल्द ही राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत कुछ अन्य सांसदों को भी विधानसभा चुनाव में उतारा जा सकता है। इस बैठक में टिकट वितरण और अन्य चुनाव संबंधी मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। साथ ही परिवर्तन यात्रा से मिली प्रतिक्रिया पर भी चर्चा करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि गुरुवार सुबह, नड्डा और शाह आरएसएस के स्थानीय नेताओं से मुलाकात करेंगे।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी जयपुर में हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश चुनावों के लिए भाजपा ने अपनी दूसरी लिस्ट जब जारी की, तो उसमें कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों का नाम देखकर सबको हैरत हुई।कुछ अखबारों की खबर के अनुसार इस लिस्ट के आने से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक भविष्य डगमगाया है।अखबार भाजपा से जुड़े नेता के हवाले से लिखता है कि इस लिस्ट के जरिए मोदी के दौर से पहले की एक और भाजपा नेता वसुंधरा राजे को भी संकेत चले गए हैं। वसुंधरा राजस्थान की मुख्यमंत्री रही हैं और आगामी विधानसभा चुनावों में एक बार फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर निगाह लगाए हुई हैं।भाजपा ने मध्यप्रदेश चुनावों की दूसरी लिस्ट में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर समेत चार सांसदों को विधायकी का टिकट दिया है।मंगलवार से ये भी अटकलें भी लगाई जा रही थीं कि भाजपा शिवराज सिंह चौहान का टिकट काट सकती है। अब तक भाजपा ने जो दो लिस्ट जारी की हैं, उसमें शिवराज सिंह चौहान का नाम नहीं है। भाजपा का मौजूदा शीर्ष नेतृत्व चौंकाने वाले फैसलों के लिए जाना जाता रहा है।पार्टी से जुड़े एक नेता ने कहा कि शिवराज सिंह का टिकट कटने से जुड़ी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।वो यह भी कहते हैं कि इस बात की संभावना कम ही है कि शिवराज सिंह चौहान चुनावी मैदान में ना हों पर इस बात को पुख़्ता तौर पर नहीं कहा जा सकता कि अगर भाजपा जीतती है तो वो मुख्यमंत्री बने रहेंगे। एक नेता का कहना है कि चुनावी नतीजों के बाद केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा?भाजपा नेताओं का कहना है कि नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और महासचिव कैलाश विजयवर्गीय मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं और इन नेताओं को चुनावी मैदान में उतारकर भाजपा ने अगले मुख्यमंत्री की संभावनाओं को और विस्तार दे दिया है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### पराली का प्रबंधन

**विजय गर्ग**

**अमूमन हर वर्ष** हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने से पैदा परेशानी चिंता का कारण बनती रही है, लेकिन इस पर काबू पाने की कोशिशें अब तक आधी-अधूरी ही रही हैं। अब हरियाणा सरकार का दावा है कि उसकी ओर से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सौंपी गई कार्ययोजना के जरिए आग लगने की घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकेगी और इस वर्ष इसके उन्मूलन की कोशिश की जाएगी। दरअसल, सर्दियों की शुरूआत के साथ ही हरियाणा में बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं सामने आने लगती हैं और इसका वायु गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ता है। आसपास के राज्यों तक इसका प्रभाव देखा जाता है। इसके चलते दिल्ली में भी वायु प्रदूषण चिंताजनक स्तर तक पहुंच जाता है। आरोप-प्रत्यारोपों के बीच सरकारों की ओर से इस समस्या पर काबू पाने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात की जाती है, लेकिन नाममात्र के लिए उठाए गए कदमों के समांतर ही बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं जारी रहती हैं। अब अगर हरियाणा सरकार किसी कार्ययोजना के जरिए पराली प्रबंधन की ओर ठोस कदम उठाना चाहती है, तो इसे स्वागतयोग्य कहा जा सकता है। मगर यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जमीनी स्तर पर इसके अमल को लेकर कितनी गंभीरता दिखाई जाती है । यों हरियाणा में पराली दहन एक आम चलन बन चुका है, लेकिन इसकी वजह से जब समस्या गंभीर शक्ल अख्तियार करने लगती है, तब सरकार की नींद खुलती है। खासकर जिन इलाकों में इसका दायरा ज्यादा बड़ा होता है, वहां पैदा होने वाले घुटन भरे माहौल में एक तरह से आम जनजीवन भी बाधित होने लगता है। हरियाणा में इस वर्ष खेतों में आग लगने की पांच सौ से ज्यादा घटनाओं वाले तीन जिले कैथल, जींद और फतेहाबाद को चिन्हित किया गया है। जबकि सिरसा, कुरुक्षेत्र और करनाल आदि को चिंताजनक इलाकों में शुमार किया गया है। यह तब है जब पिछली समीक्षा बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकार को चिह्नित जिलों पर विशेष ध्यान देने, जिला और राज्य स्तर पर तैयार की गई कार्ययोजना के प्रभावी और सख्त कार्यान्वयन के अलावा कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया था।

### नींद और तोंद

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नींद और** तोंद उन्हीं को मिलती है जो भाग्यवान होते हैं। ये दोनों अधिक हो जाएँ तो कम किया जा सकता है, लेकिन न हो तो किसी बीमारी से कम नहीं है। गणित का नियम कहता है- जो होता है उसी में से घटाया जा सकता है। जो नहीं है उसके लिए अनुमान लगाना सबसे मुश्किल काम है। यह दुनिया अनुमान लगाने के पचड़े से बचने के लिए ही गणित से पिंड छुड़ाकर भाग रही है। अब देखिए न यहाँ एक तरफ देश दो जून की रोटी कमाने में तो वहीं दूसरी ओर आधा देश इसे पचाने में मरा जा रहा है। इन्हीं दोनों के बीच जो धंधा सबसे ज्यादा फलता-फूलता है, वह है नींद और तोंद का। इसे कैसे कम करें या ज्यादा इसी में लोग अपनी जेब ढीली करते जा रहे हैं। ये दोनों न होते तो कइयों के परिवार सड़क पर आ जाते। शुक्र है कि सोने वाली दुनिया और तोंद फुलाने वाले लोग कइयों की जीवन डोर अपने हाथ में थामे हुए हैं। अजगर की चाकरी और पंछी का काम इनके लिए सबसे प्रिय और आराध्य होता है। यानी आलस इनका परम देवता है। पशु-पक्षी जगत सुबह जल्दी उठ जाता है। यह उनकी विशेषता है। इंसान देरी तक सोता है यह उसकी विशेषता है। देरी तक सोने के कई लाभ होते हैं मसलन दिन की दौड़-धूप से कुछ देर बचने, बेफिजूल की बतकही करने, जात-पात, लिंग, धर्म, भाषा की किचकिच से थोड़ी देर तक अधिक सुस्ता सकता है। वैसे भी यहाँ कौन सही समय पर जागता है? यदि वह सही समय पर जागता तो दुनिया में इतनी झंझट नहीं होती। लेकिन इंसान है कि जलेबीदार घुमाव भरी जिंदगी का आदी हो चुका है। सीधेपन से तो उसे अपच हो जाता है। वैजानिक दृष्टि से भी देखें तो लोग सोने के लिए तरसा करते हैं और हजारों-लाखों रुपया डाक्टरों और दवाइयों में व्यय कर डालते हैं और यह अवैतनिक उपदेशक लोग स्वाभाविक निद्रा को आलस्य और दरिद्रता की निशानी बतलाते हैं। ठीक ही कहा है-"घर की चक्की छोड़कर, बाहर पाहन पूजे जाएँ।" लोग यह समझते हैं कि हम आलसियों से संसार का कुछ भी उपकार नहीं होता। मनुष्य का आलस्य ही अविष्कारों की जननी है। वह ज्यादा चले न इसके लिए एक से बढ़कर गाड़िया बना लीं। परिजनों और परिचितों के घर जाना न पड़े इसके लिए मोबाइल बना लिया। खाना न पकाना पड़े इसके लिए स्वीगी और जोमाटो अपना लिया।

## न्यूज फ्लैश

### घर में चोरी करने वाले आरोपी काबू, स्टेबलाइजर बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए टू** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बंटी उर्फ काला पुत्र कीमत सिंह वासी शिव कॉलोनी करनाल को कैथल नहर पुल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक स्टेबलाइजर बरामद किया गया।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी ने 2 अगस्त को शिकायतकर्ता मोहिंदर कौशिक वासी पालम कॉलोनी के घर में घुसकर स्टेबलाइजर चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालूम आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी जल्दी पैसा कमाने के लिए चोरी करता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी का एक मुकदमा दर्ज है, जिसमें उसने जमानत पर आकर इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# स्कूल संचालकों से लिया जाए सर्टिफिकेट

## स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू और नशीले पदार्थों की बिक्री पर हो पूर्ण प्रतिबंध : डॉ. वैशाली

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीसी डॉ.** वैशाली शर्मा ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (एनकोर्ड) की मासिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिला के किसी भी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू या अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। इसके साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों से प्रिसिंपल से लिखवाकर लें कि उनके स्कूल के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं हो रही है।

बैठक के दौरान एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा के समक्ष 9 एजेंडे रखे गए। सर्वप्रथम नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत साईक्लोथॉन के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन करनाल और इससे जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी गई। इसके बाद एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने नेशनल एक्शन प्लॉन फॉर ड्रग्स डिमांड रिडक्शन तैयार करके एक सप्ताह के अंदर केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने डीएसपी करनाल व जिला न्यायवादी,



करनाल को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों के तहत जब्त की गई नशे की सामग्री की विस्तृत रिपोर्ट व कुल विचाराधीन मामलों की पूरी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
**नशा मुक्त क्षेत्र में ज्वाइंट एक्शन प्लान तैयार करें विभागः** एडीसी ने कहा कि नशा मुक्त क्षेत्र में काम करने के लिए सभी संबंधित विभाग ज्वाइंट एक्शन प्लान तैयार करें। पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल विभाग, रेडक्रास सोसाइटी, नेहरू युवा केंद्र आदि मिलकर गांवों में कैंप लगाए और अपने-अपने कार्य के अनुरूप युवाओं व आमजन को जागरूक करें। एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने समय-समय पर जिला के सभी नशा मुक्ति केंद्रों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।
**केमिस्ट दुकानों पर नशीली दवाई रखने पर कार्रवाई की रिपोर्ट तत्काल पहुंचाएं एडीसी कार्यालयः** डॉ. वैशाली शर्मा ने वरिष्ठ औषधि नियंत्रक अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला में नशीली दवाई रखने के आरोप में जिन भी दुकानदारों पर नियम के मुताबिक कार्रवाई की जाए। उसकी रिपोर्ट उसी दिन तत्काल एडीसी कार्यालय में पहुंचाई जाए। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केमिस्ट दुकानों की समय-समय पर नियमित जांच की जाए।

बैठक के दौरान एनकोर्ड के सदस्य सचिव व जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, डीएसपी नायब सिंह, डॉ. मनन, डीपीओ राजबाला, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना फोगाट व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल चोर काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एंटी** व्हीकल थेफ्ट की टीम द्वारा आरोपी दीपक उर्फ टिंकल पुत्र सुभाष वास किरमच थाना केयूकेझ को कुरुक्षेत्र कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चुराई गई दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी दीपक ने 30 जुलाई व 7 अगस्त को शिकायतकर्ता कुलदीप वासी सग्गा की मोटरसाइकिल उसके घर के बाहर से और जलजीत वासी लालयानी की मोटरसाइकिल तरावड़ी संजय हॉस्पिटल के बाहर से चोरी करके



वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालूम आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में मोटरसाइकिल चोरी के दो मुकदमे दर्ज किए गए थे।

## धार्मिक कार्यक्रम लोगों को जोडने का काम करते हैं : सुमिता सिंह

### धार्मिक आयोजनों से लोगो में बढ़ता है आपसी भाईचारा व प्रेम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**ब्रह्मा नवयुवक** क्लब वकीलपुरा सदर बाजार की तरफ से गणेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पार्षद ईश गुलाटी व एडवोकेट जितेंद्र चोपड़ा उपस्थित रहे। क्लब के प्रधान नितिन लोधी व अन्य सदस्यों ने फूल मलाओं व मोमेंटो देकर पूर्व विधायक सुमिता सिंह व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। सुमिता सिंह ने भगवान गणपति जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और



क्लब के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गणपति उत्सव पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम लोगों को जोड? का काम करते हैं और इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिये। इससे लोगो में आपसी भाईचारा व प्रेम बना रहता है। क्लब की तरफ से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सुंदर-सुंदर धार्मिक झांकियाँ निकाली गई। प्रधान नितिन लोधी ने कहा कि वे हर वर्ष गणेश उत्सव का आयोजन करते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के युवा अध्यक्ष मनिंदर सिंह, बिन्नी, अशोक कुमार, दया प्रकाश, रिंकू प्रधान, रजनीश सहोत्रा, बॉबी प्रधान, कार्तिक मल्होत्रा, अक्षय चौधरी, अमन लोधी, आशीष लोधी, रवि लोधी, सागर लोधी, प्रिंस राजपूत, कमल ठाकुर, अरविंद राजपूत और रणबीर मान आदि उपस्थित रहे।

## प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर के हर हिस्से को मिलती है मदद : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वाधान में पार्क एनक्लेव सेक्टर तेरह में संचालित योग कक्षा में प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने योग की शिक्षा दी। उन्होंने साधकों को योग के अंतर्गत प्राणायाम व ध्यान की विधि बताई। उन्होंने कहा कि सांस लेने और छोड? के साथ प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर के हर हिस्से को मदद मिलती है। योग से शारीरिक शक्ति सहनशक्तिएएकाग्रता की क्षमता बढ़ती है और मानसिक रूप से



अधिक ऊर्जा प्रदान करता है। योग शिक्षक नवीन जिंदल ने यहां विभिन्न तरह के आसनों का अभ्यास करवाया। रोजाना यौगिक क्रियाओं और आसनों को करने से मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। विभिन्न आसन शरीर को अधिक लचीला बनाते हैं। इसके अलावा योग उपास्थि और जोड़ों को टूटने से बचाता है, रक्त प्रवाह बढ़ाता है और रक्त शर्करा को कम करता है।

## ममाज टीम ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में रिवासा में किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़। मिशन** महेन्द्रगढ़ अपना जल टीम ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रिवासा के समशान घर में त्रिवेणी सहित ग्यारह पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली । ममाज टीम सदस्य अनूप रिवासा, संदीप व राजकुमार ने कहा किराष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के स्वच्छ और विकसित भारत के सपने को साकार करते हुए ममाज टीम के सदस्यों द्वारा गांव के समशान घर में पौधारोपण के साथ -साथ पौधों की सफाई, गुडाई -निराई भी की गई है।

## 'ग्रामीणों पर लाठीचार्ज व कानूनी कार्रवाई निंदनीय'

### लोगों की बात सुनने की बजाय तानाशाही रवैए से कार्यवाही करना वर्तमान सरकार की आदत बनी : आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**वरिष्ठ कांग्रेसी नेता** बिजेंद्र आंतिल ने मुरथल टोल प्लाज़ा पर ग्रामीणों पर प्रशासन हुए लाठीचार्ज व कानूनी कार्रवाई की निंदा करते हुए जल्द जल्द समस्या के समाधान तथा कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसी समस्या के समाधान की मांग करना लोगों का संवैधानिक हक है परन्तु लोगों की बात सुनने की बजाय उन पर तानाशाही रवैए से कार्यवाही करना वर्तमान सरकार की आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि टोल प्रशासन ने स्वयं ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों 27 तारीख को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था जिसकी जानकारी प्रशासन को भी थी। प्रशासन को मध्यस्थता करते हुए समस्या समाधान का प्रयास करना चाहिए था । टोल प्लाजा प्रशासन ने तानाशाही रवैए को जारी रखते हुए ग्रामीणों से बातचीत करना भी ग्वारा नहीं समझा। उन्होंने सवाल किया कि की केवल पांच लोगों से बात कर कैसे एक विकट समस्या का निदान किया जा सकता है। उन्होंने इस बात का भी खंडन किया की ग्रामीण जी टी रोड़ को जाम करने के उद्देश्य से वहां



**साधा निशाना**
**8 टोल प्लाजा प्रशासन ने तानाशाही रवैए को जारी रखते हुए ग्रामीणों से बातचीत करना भी ग्वारा नहीं समझा**

पहुंचे थे उन्होंने कहा टोल अधिकारियों का बातचीत का रवैया ही इस घटना के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने प्रशासन को आगाह किया जल्द से जल्द समस्या का समाधान करते हुए ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमें रद किए जाएं अन्यथा किसी बड़े आंदोलन के लिए टोल प्रशासन स्वयं उतरदायी होगा ।

## कश्यप चौपाल का बड़ौली गांव में मांगेराम नम्बरदार ने किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**बड़ौली गांव** स्थित कश्यप चौपाल का उद्घाटन नम्बरदार मांगेराम ने किया। चौपाल में पहुंचने पर सुखबीर कश्यप, जयभगवान, रामपाल, रोहताश आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया। नम्बरदार मांगेराम ने कश्यप चौपाल के निर्माण में अपनी तरफ से 11 हजार रुपएं का योगदान दिया। नम्बरदार मांगेराम ने संबोधित करते हुए कहा कि चौपाल के निर्माण में पूर्व राज्यसभा सदस्य व विधायक रामकुवार कश्यप द्वारा दिए गए योगदान को कश्यप समाज के



लोग याद रखेंगे। मांगेराम नम्बरदार ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय में हिन्दू धर्म के एक ऋषि का नाम कश्यप था, जो हिंदू धर्म के प्राचीन ऋषियों में से एक थे। कश्यप ऋषि भारतीय संस्कृति के एक महत्वपूर्ण ऋषि थे और उन्हें हिंदू धर्म में बहुत महत्व दिया जाता था। उन्हीं के नाम पर इस जाति का नामकरण भी किया गया था। कश्यप ऋषि को समुद्र और दक्षिणाग्निन के पुत्र कहा जाता था। वह बहुत ही शक्तिशाली थे और वेदों में भी उनका उल्लेख किया गया है। कश्यप जाति के लोग भारत के विभिन्न राज्यों में रहते हैं और अलग-अलग कामों में लगे हुए हैं, उनमें से कुछ लोग कृषि करते हैं, तो कुछ लोग व्यापार करते हैं और कुछ लोग नौकरियां भी करते हैं।
इस मौके पर रामकिशन बैरागी, रमेश पहलवान, प्रकाश, मोहना, श्याम, सुखबीर, रामदिया, रामपाल, रोहताश, तुलेराम, गजब सिंह, बनवारी, कर्मा, जयभगवान आदि समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# निगम ने आयोजित किया दूसरा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

## जोन 3 के 100 से अधिक सफाई कर्मियों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण : विनोद नेहरा, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** ने गुरूवार को वार्ड 18 के प्रेम नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दूसरा, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया। शिविर में जोन 3 के सफाई कर्मचारियों का हैल्थ चैकअप किया गया। ऋषि आई सेंटर के आई स्पैशलिस्ट डॉक्टर ऋषि व उनकी टीम के सदस्यों ने सभी कर्मचारियों की आंखों की रोशनी चैक की तथा अन्य डॉक्टरों ने उनका ब्लड प्रैशर, मधुमेह इत्यादि की जांच की। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें 100 से अधिक सफाई कर्मियों ने स्वास्थ्य चैकअप करवाया।

उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने बताया कि निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी खुद धूल-मिट्टी में रहकर शहर को साफ-सुथरा रखते हैं। इसे देखते इन लोगों का मैडिकल चैकअप करवाया जाना जरूरी रहता है, ताकि कोई बीमारी होने पर उसका समय रहते ईलाज करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर नगर निगम समय-समय पर शिविर आयोजित करता रहता है।



मैडिकल हैल्थ चैकअप कैम्प में 94.5 माय एफ.एम. का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जोन इंचार्ज व सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक व मोटीवेटर टीम तथा माय एफ.एम. से आर.जे. दिवानी दिव्या व गुंजन के अतिरिक्त सुभाष मौजूद रहे।
दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में करवाई स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता- उप निगमायुक्त ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों में गारबेज फ्री इंडिया थीम को लेकर, नगर निगम विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित करवा रहा है। गुरूवार को शहर के दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता उपरोक्त आयोजित करवाई गई, जिसमें विद्यालय के करीब 350 बच्चों ने भाग लिया। इसके तहत निगम की टीम द्वारा स्कूली बच्चों से स्वच्छता से सम्बंधित सवाल-जवाब किए गए, जिसका सही उत्तर देने पर बच्चों को मौके पर ही पुरस्कार भी दिया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय की प्रिंसिपल सुषमा देवगन का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम अब तक शहर के 4 स्कूलों में प्रतियोगिता आयोजित करवा चुकी है, जिनमें गौशाला रोड स्थित कर्ण पब्लिक स्कूल, बांसो गेट स्थित राजकीय विद्यालय तथा उचाना स्थित राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों व स्कूली स्टाफ को स्वच्छ भारत मिशन की ट्रेनिंग भी दी गई।

## न्यूज फ्लैश

### गांजे के साथ दो युवक पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
तीन किलो से ज्यादा गांजे के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना बलदेव पुलिस ने दो किलो 100 ग्राम गांजे सहित होशियार पुत्र सुग्रीव सिंह निवासी ग्राम अशोक नगर थाना बलदेव को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव संजय कुमार त्यागी के मुताबिक आरोपित को तलफी गढ़ी गांव से आगे निमार्णाधीन पुल से यमुना पुल की तरफ से गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना मगोर्रा पुलिस ने एक किलो 150 ग्राम गांजे सहित जीतू उर्फ जितेन्द्र निवासी ग्राम ऊंचा गांव थाना मगोर्रा गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मगोर्रा पुष्पेन्द्र कुमार के मुताबिक आरोपित जीतू को लालपुर नहर पुल के पास मथुरा सौख रोड से किया गिरफ्तार है।

### 17 लेखपाल, संग्रह अमीनों को मिली प्रोन्नत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जनपद की विभिन्न तहसीलों में तैनात 17 लेखपाल, संग्रह अमीनों को प्रोन्नत कर राजस्व निरीक्षक पद पर तैनात किया है। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा मांट तहसील निवासी व छाता तहसील में तैनात कुंजबिहारी लाल को राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत करते हुए तहसील गोवर्धन में नवीन तैनाती प्रदान की है। इसी प्रकार तहसील के निवासी जिलेदार को गोवर्धन से मथुरा भेजा गया है। मांट के रहने वाले व इसी तहसील में कार्यरत विजय कुमार को अब मथुरा तहसील भेजा गया है। इसी प्रकार मांट निवासी व इसी तहसील में तैनात राधेश्याम को छाता में तैनात किया गया है। इसके अलावा महावन निवासी भगत सिंह को उनके तैनाती क्षेत्र मथुरा से मांट भेजा गया है। कानपुर निवासी हरिओम गौतम को गोवर्धन से मांट भेजा गया है। हरिश्चंद्र को गोवर्धन से छाता, राधूराम को उनकी तैनाती क्षेत्र मथुरा से गोवर्धन, रतन सिंह को गोवर्धन से मांट, सीताराम को मथुरा से महावन भेजा गया है। कमल सिंह को उनके तैनाती क्षेत्र मांट से छाता, बेचैन सिंह को मांट से छाता, योगेश कुमार को गोवर्धन से मांट, गोविन्द सिंह को मांट से छाता, बृजभूषण अवस्थी को गोवर्धन से छाता, खेमचंद को तैनाती क्षेत्र छाता से गोवर्धन व हरिशंकर को मांट में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है। प्रोन्नत राजस्व निरीक्षकों को तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। अपर जिलाधिकारी ने जारी सूची को संबंध उपजिलाधिकारियों को भेजते हुए निर्देश जारी किये गये है कि वह अपनी तहसीलों में कार्यरत कार्मिकों को तत्काल कार्यमुक्त कर उनके तैनाती की तहसील में प्रोन्नत पद पर योगदान करने तथा अपनी तहसील में योगदान प्रस्तुत करने वाले कार्मिकों को रिक्त पद पटल पर कार्यभार ग्रहण कराते हुए उन्हें तत्काल अवगत करायें।

### डीएम ने किया वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) योगानंद पांडेय ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस बाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वेयर हाउस की साफ सफाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाद के वेयर हाउस में मिट्टी भरवाने के लिए एस्टीमेट बनवाएं और भारत निर्वाचन आयोग से पत्राचार कर इस कार्य को कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी कमरों में रखी ईवीएम का अवलोकन किया। नई आईं ईवीएम की जानकारी प्राप्त की। वेयरहाउस की सुरक्षा के लिए तैनात कर्मियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। निरीक्षण में विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पांच अक्टूबर को भाकियू चढूनी सौंपेगी ज्ञापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू चढूनी के पदाधिकारी नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर महानगर की अनेक समस्याओं के निस्तारण की मांग की जाएगी, यदि समस्याओं का निस्तारण एक हफ्ते में नहीं किया जाता है। नगर निगम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा कि मथुरा वृंदावन नगर निगम बनने के बाद नगर निगम ने नगर के वाशिंदों से सुविधा मुहैया कराने के दावे किए थे। लोगों को तो सुविधा नहीं मिल पा रही है।

# ठगी: वक्त के साथ सोने की ईंट बेचने वालों ने बदल लिये तौर तरीके

**क्राइम**

8 मथुरा पुलिस के आलाधिकारियों के मुताबिक इन दिनों कभी सोने की ईंट बेचने वाले अलग कर रहे हैं।




**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** यूपी राजस्थान की सीमा के आसपास पसरे मेवात क्षेत्र में कभी सोने की ईंट बेचने खरीदने के नाम पर ठगी का धंधा चलता था। लोग ठगों के झांसे में न आएं इसके लिए पुलिस जगह जगह होर्डिंग बैनर तक लगाती थी। अब सोने की ईंट बेचने वालों ने ठगी के तौर तरीके बदल लिए हैं। साइबर क्राइम की दुनिया में सोने की ईंट बेचने वाले क्या कुछ कर रहे हैं इसका खुलासा मथुरा पुलिस ने किया है। बरसाना क्षेत्र में पकडे गये दो साइबर ठगों वसीम पुत्र सुब्बा निवासी ग्राम हाथिया थाना बरसाना तथा सैकम पुत्र असरून निवासी नसवारी थाना गोविंदगढ़ जिला अलवर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार एंड्रॉइड मोबाइल फोन, पांच वीआई कंपनी की इनएक्टिव सिम कार्ड, पांच एरटेल कम्पनी की इनएक्टिव सिमकार्ड, छह फर्जी आधार कार्ड, दो नटराज कंपनी के फर्जी एम्पलॉयी आईडी कार्ड, दो एफसीआई कंपनी के फर्जी एम्पलॉयी आईडी कार्ड, दो पेंशन विभाग के फर्जी एम्पलॉयी आईडी कार्ड, एक तमंचा बरामद हुआ है। इन दोनों साइबर ठगों के बहाने मथुरा पुलिस ने इस पूरी कहानी को उजागर किया है। मथुरा पुलिस के आलाधिकारियों के मुताबिक इन दिनों कभी सोने की ईंट बेचने वाले बहुत कुछ अलग कर रहे हैं। अब ये लोग फर्जी आईडी पर सिम निकलवाते हैं तथा गूगल से चावल, चीनी व स्क्रैप के सप्लायर का नम्बर प्राप्त करते हैं। फर्जी आईडी पर प्राप्त सिमों से इन नम्बरों पर सम्पर्क करते हैं तथा सस्ते दामों में चीनी, चावल व स्क्रैप आदि खरीद कराने के लिए झांसे में ले लेते हैं। इन सप्लायरों के विश्वास में लेने के लिये अपनी फर्जी फर्म के कागजात एवं फर्जी आई कार्ड व्हाट्सएप के माध्यम से भेजते है। विश्वास होने पर एडवांस के रूप में इन लोगों से 50 हजार से एक लाख रुपये तक ऑनलाइन अपने खाते में डलवा लेते है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरुण कुमार बालियान के मुताबिक इसके बाद इन सप्लायरों को फर्जी गोदाम, फैक्ट्री के निरीक्षण के लिए बुलाते हैं। बाहर से आने वाले व्यक्तियों के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन से रिसीव कर उन्हैं मेवात में बन्धक बनाकर मुंह मांगी रकम वसूलते हैं। लोगों को विश्वास दिलाने के लिये फर्जी सरकारी आईडी कार्ड व्हाट्सएप के माध्यम से इन लोगों के भेज देते हैं। जिससे लोग इनके झांसे में आकर ऑनलाइन एडवांस पेमेंट कर देते हैं तथा इसी क्रम में इंस्टाग्राम एप्प व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी कंपनी नौकरी का झांसा देते हैं। पकडे गये दो अभियुक्तों के को लेकर पुलिस ने खुलासा किया है कि ये लोग नटराज पेंसिल घर पर बैठकर पैक करने की नौकरी का झांसा देकर प्रचार प्रसार किया जाता है। जिससे भोले भाले लोगों को झांसे में आकर दिये मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करते हैं अभियुक्त उन लोगों से उनके आधार कार्ड व 500 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर ले लेते हैं। फिर फर्जी नटराज कंपनी की एम्प्लोयी आईडी कार्ड बनाकर उसको व्हाट्सएप पर भेज देते हैं। इन लोगों से व्हाट्सएप पर जो आधार कार्ड प्राप्त होते हैं अपना फोटो बदल कर नकली आधार कार्ड बना लेते हैं। जिसका इस्तेमाल फर्जी सिम कार्ड लेने व झांसे में आये लोगों को अपनी असली पहचान छिपाने के लिये फर्जी आधार कार्ड व बरामद नटराज आई डी कार्ड व्हाटसएप्प पर भेज देते है जिससे लोगों को पूर्ण विश्वास हो जाता है इसी क्रम में रजिस्ट्रेशन फीस 500 रुपये मिल जाने के बाद अभियुक्त लोगों के घर पर नटराज कम्पनी के सामान (पेन, पेंसिल डिब्बे व अन्य पैकिंग सामान) को भेजने के नाम पर 6000 रुपये डिलीवरी चार्ज के रूप में अपने फर्जी खातो में डलवाते हैं। फिर जब सामने वाले को शक होता है तो अपना सिम निकाल कर तोडकर फेंक देते है और पुनः फर्जी आधार कार्ड पर प्राप्त नई सिम का इस्तेमाल करते हुए अपने काम को अंजाम देते रहते है। अभियुक्तगण पूर्व में जिला अलवर राजस्थान से भी इसी प्रकार की घटना में जेल जा चुके है।

## करोड़ों खर्च के बाद भी धंसने लगा मार्ग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सरकार स्थानीय जनता की सुविधा के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर पक्की सड़कें तो बनवा रही है, लेकिन ये सड़कें लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं। ताजा मामला मथुरा गोवर्धन मार्ग का है। जहां पर जनता के लंबे संघर्ष के बाद करोड़ो रुपये की लागत से सड़क निर्माण का कार्य तो हो गया लेकिन इस सड़क की क्वालिटी सवालों के घेरे में आ गई है। इसके पीछे का कारण है कि सड़क निर्माण के कुछ माह बाद ही टूटने लगी है। ऐसे में अब लोग जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की क्वालिटी को लेकर सवाल उठाने लगे हैं। मथुरा से गोवर्धन होते हुए राजस्थान सीमा तक 25 किलो मीटर फोरलेन सड़क का निर्माण हुआ है। सड़क की हालत खस्ता होने की वजह से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसको देखते हुए वर्ष 2016 में फोरलेन सड़क निर्माण का 138 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। जो कि तीन महीने पहले पूर्ण हुआ है। लेकिन निर्माण में घोटाले पोल खोलता मार्ग, अडींग पुलिया



के समीप धंस गया है। मथुरा गोवर्धन मार्ग पर रोजाना हजारों से अधिक संख्या में वाहनों का आवागवन बना रहता है, यहां गोवर्धन परिक्रमा और दर्शन करने के लिए रोजाना लाखों श्रद्धालु गोवर्धन पहुंचते हैं श्रद्धालु और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा करोड रुपए खर्च कर मथुरा गोवर्धन मार्ग को फोरलेन बनवाया गया लेकिन अब यह फोर लाइन सवालों के घेरे में है। यहां सड़क बनने के कुछ माह बाद ही जमीन में डसने लगी है। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। स्थानीय प्रेम सिंह का कहना है कि उनके जानवरों के पैर भी यहां कई बार फंस चुके हैं। वाहनों के फंसने पर दुर्घटना हो सकती है।

## वन विभाग की टीम ने पेड़ों को काटना रुकवाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुवार को थाना क्षेत्र बलदेव के गाँव पटलौनी में स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के मैदान में कई नीम और पीपल के छायादार वृक्ष काटे जा रहे थे और बाकी और काटने की तैयार चल रही थी तभी वन विभाग के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि पटलौनी ग्राम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के मैदान से मौके पर एक नीम के हरे वृक्ष को काटते हुए कुछ लोग मिले जिनके पास से वृक्ष काटने वाले औजार, कटे हुए नीम के वृक्ष की टहनियां तथा गाड़ी बरामद की है तथा संबंधित बलदेव थाने में दोषियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करवा कर पूछताछ की जा रही है।

## खेतों में जलभराव की समस्या से त्रस्त किसान मोबाइल टावर पर चढ़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुवार की अलसुबह प्रशासनिक अधिकारियों की नींद उस समय उड़ गई जब उन्हें सूचना मिली कि सौंख क्षेत्र के गांव बछगांव के किसान अपने खेतों से जल निकासी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गए और तब तक टावर से उतरने से मना कर दिया जब तक कि सक्षम अधिकारी उन्हें समस्या का स्थायी समाधान का ठोस आश्वासन न दे दें। गांव बछगांव में खेतों में जलभराव की समस्या दशकों पुरानी है। पिछले कई सालों से बछगांव के किसान इस समस्या से त्रस्त थे। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत भी कराया गया था लेकिन कोई



समाधान नहीं हो सका। आखिरकार गुरुवार को किसानों के सब्र का बांध टूट गया और खेतों में जलभराव से पीड़ित किसानों में से दो किसान चंदा और डोरीलाल गांव में ही बने मोबाइल टावर पर चढ़ गए और तब तक उतरने से मना कर दिया जब तक कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता। अपनी मांगों को लेकर किसानों के टावर पर चढ़ जाने की सूचना ने प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ पांव फुला दिए। आनन फानन में एसडीएम गोवर्धन दीपिका मेहर और नायब तहसीलदार नीतू सिंह, सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा, एओ मगोर्रा पुष्पेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी सौंख संदीप सिंह मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किए लेकिन विफल रहे। किसान करीब तीन बजे तक टावर पर ही जमे रहे। इस दौरान तहसील प्रशासन हलाकन रहा। बाद में भाजपा व किसान नेता दीपक चौधरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फोन से जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह से वार्ता की।

## प्रशासनिक उपेक्षा और बंजर खेतों ने किसानों को कर दिया आक्रोशित

**प्रदर्शन**

8 गत 14 सितंबर को बछगांव के किसानों ने तहसील गोवर्धन में धरना प्रदर्शन भी किया था।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुवार को सौंख क्षेत्र में किसानों द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़ जाने की घटना आकस्मिक नहीं है। किसान काफी समय से इस समस्या से त्रस्त हैं। क्षेत्र से होकर गुजरने वाली बछगांव माइनर तथा बछगांव रजवाहा की टेल गांव के समीप ही समाप्त होती है। इस कारण जब भी क्षेत्र में अधिक बारिश होती है या



माइनर और रजवाहा में ज्यादा पानी आता है तो यह टेल पर ओवर फ्लो हो जाता है। परिणामस्वरूप टेल के आसपास खेतों में पानी भर जाता है। इससे रजवाहा के आस पास के खेतों के किसान पूरे वर्ष जलभराव की समस्या से जूझते हैं। किसानों की मानें तो पिछले दशक से यह समस्या किसानों के लिए नासूर बन गई है। इसे लेकर गत 14 सितंबर को बछगांव के किसानों ने तहसील गोवर्धन में धरना प्रदर्शन भी किया था। तब प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन बाद में कोई समाधान नहीं हुआ। इससे किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे थे। इस बारे में रालोद के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश कुंतल ने बताया कि पीड़ित किसानों के खेत पिछले तीन साल से जलभराव के चलते बंजर बने हुए हैं। तीन साल से खेतों में अन्न का दाना तक नहीं उगा है। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि बलजीत सिंह ने बताया कि जलभराव की समस्या के चलते गांव के किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।जब तक जल निकासी की कार्य योजना नहीं बनाई जाएगी तब तक किसान इस समस्या से ग्रस्त रहेंगे। डा राजवीर सिंह ने बताया कि किसान काफी समय से प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। जब प्रशासन ने अनसुनी कर दी तो किसानों ने हार थक कर यह कदम उठाया है। सहकारी संघ बछगांव के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। धरना प्रदर्शन के दौरान सुनिया पहलवान, जवाहर सिंह,गुड्डा, फत्ते सिंह, श्यामू, रवि, भोला, राजू आदि मौजूद रहे।

## सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महासफाई अभियान के दृष्टिगत एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता ही सेवा शुरू हुए अभियान में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन के वृन्दावन कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के सुरक्षा मित्र जो हर समय हर क्षण नगर के सफाई के लिए दिन रात हमारे घर के बाहर गंदी सड़क एवं नाली की सफाई करते हैं। ऐसे 25 उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त अनुनय झा एवं अपर नगर आयुक्त क्रान्तिशेखर सिंह द्वारा वर्दी, मास्क एवं ग्लब्स वितरत किये गए। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में नगर आयुक्त द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री जन धन योजना, पीएम स्वनिधि, अटल पेंशन योजना आदि प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वृन्दावन जोन के समस्त पार्षदगण, मयंक यादव उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त लवकुश गुप्ता, सफाई निरीक्षक सुभाष चन्द्र, सफाई निरीक्षक नीरज कुमार, सैनिटेशन एक्सपर्ट ऋषभ कान्त दुबे एवं नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रात के समय एक युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए भेज दिया है। भगवान दास निवासी डीग पिछले कुछ सालों से अपने परिवार के साथ पत्नी गुड्डी के मायके थाना मगोर्रा के गांव जोगीपुरा में रह रहा था। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन कर रहा था। वह गांव लोरिहापट्टी के निकट किसी काम से गया हुआ था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने भगवान दास को अपनी चपेट में ले लिया। इससे भगवान दास बुरी तरह घायल हो गया। उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## ग्वालिन दै दै मोल दही कौ मोकूं माखन नैक चखाय

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीराधारानी की प्रिय सखी चित्रा के गांव चिकसौली में गुरूवार को मटकी फोड़ दान लीला का आयोजन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीराधाजी की सखियों से माखन और दही का दान मांगा, न देने पर उन्होंने मटकी फोड़ दी। इस लीला को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु आते हैं। श्रीराधारानी की क्रीड़ा भूमि बरसाना में राधाष्टमी से आठ दिन तक भगवान की अलग अलग लीलाएं संपन्न होती हैं। इसका समापन भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पुर्णिमा को महारास पर



होता है। श्रीराधाकृष्ण की प्राचीन लीला स्थली बरसाना के गहवर वन स्थित दो पर्वतों के बीच बनी संकरी गली (साँखरी खोर) में मटकी फोड़ दानलीला संपन्न हुई। इस लीला में मुख्य रूप से नंदगांव और बरसाना के गोस्वामी समाज के लोगों ने भगवान की दानलीला से जुड़े पदों और भजनों को गाकर नृत्य गान किया। वही सकरी गली में चिकसौली की ओर से चित्रा आदि सखियों के साथ श्रीराधाजी दही से भरी मटकी को लाती है और भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सखाओं के साथ मिलकर दही से भरी मटकी कोक्षफोड़ देते है। भगवान की इस माधुर्यमयी लीला के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रृद्धालु ब्रह्मांचल पर्वत पर घंटों बैठे रहे। और ब्रजवासी बरसाना और नन्दगाँव के श्रीजी और ठाकुरजी की तरफ अलग अलग होकर आपस में हँसी मजाक करते हैं। ठाकुरश्रीजी सखियों और ग्वालवालों के संग आपस में लीला में हंसी ठिठोली के मध्य से छीना-झपटी करते हुए यशोदा नंदन ने दही का दान न देने पर वृषभानु नंदिनी और उनकी सखियों की दही से भरी मटकी फोड़ दीं।

## शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहीदे आजम भगत सिंह का 116 वां जन्मदिन मनाया गया। आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा और अखिल भारतीय समता फाउंडेशन ने कार्यक्रम आयोजित किये। तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी के नेतृत्व में आप कार्यकताओं ने डेम्पियर नगर स्थित शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। शाखा सेवियों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह के विचार आज भी



प्रासंगिक हैं। वर्तमान युवा पीढ़ी को शहीद ए आजम भगत सिंह के विचारों को पढ़कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। व्यवस्था परिवर्तन के लिए शहीदे आजम भगत सिंह के विचारों का कोई मोल नहीं है। वैज्ञानिक समाजवाद के पक्षधर भगत सिंह के विचारों में सांप्रदायिकता एवं जातिवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। भगत सिंह शोषण विहीन समाज की स्थापना करना चाहते थे। उनके मस्तिष्क पर कार्ल मार्क्स और लेनिन के विचारों का प्रभाव था। वह सच्चे राष्ट्रभक्त और क्रांतिकारी थे। देश सदैव उनकी शहादत का कर्जदार रहेगा। प्रवीण भारद्वाज, वीएस ठकुरेला, संतोष



चंद्र सक्सेना, आदेश शर्मा, पवन सैनी, कमल कुमार बघेल, देवेंद्र सैनी, शिवचरण पाल, गौरी सैनी, द्वारका प्रसाद, मुरारी लाल बघेल, कुलदीप वर्मा, नवीन अर्जुन, विकास, कलश शर्मा, गफ्फार खान, साहिल आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन ने कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय पर शहीद ए आजम युवाओं के हृदय सम्राट सरदार भगत सिंह को नमन किया। रमेश सैनी, चित्रसेन मौर्य, सरदार भगत सिंह, रमेश सैनी, चित्रसेन मौर्य, धनीराम बाबा, अंकित सागर, आकाश बाबू, राजकुमार सैनी, विनोद बघेल, अतर सिंह इंजीनियर, सौदान सिंह, गुलशन

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत प्लॉग रन का आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
26 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चल रहे 154 घंटे महासफाई अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर आयुक्त अनुनय झा के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को वृन्दावन छटीकरा हीरा स्वीट से लेकर चंद्रयोदे मंदिर होते हुए वापस हीरा स्वीट तक पेप्सिको इंडिया के पूर्ण प्रोजेक्ट, द सोशल लैब और नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा समर्थित प्लॉग रन का आयोजन किया गया। इस



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह ने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा कर प्लॉग रन की शुरूआत की। प्लॉग रन के माध्यम से मार्गो एवं सार्वजनिक स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र करते हुए नगला कोल्हू स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट पर निस्तारण हेतु भेजा गया। इस प्लॉग रन के दौरान लगभग 53 किलोग्राम लो वैल्यू प्लास्टिक एकत्रित की गई। प्लॉग रन के दौरान 3 रैग पिकर्स को सुरक्षा के लिए पीपीए किट वर्दी, मास्क एवं ग्लब्स वितरत किये गए।

# पीआरपीसी में आपदा ड्रिल का अभ्यास सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**पानीपत रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के पानीपत नैफथा क्रैकर संयंत्र में विभिन्न विभागों के द्वारा हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे से निपटने की तैयारियों के सही आकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में टैंक फार्म-3 के टैंक न॰ 66-ळ-02इ के आउटलेट लाइन में प्रैशर गेज के वैल्डिंग जाइंट से हाइड्रोकार्बन गैस (प्रोपिलीन गैस) के रिसाव को दशार्या गया था। दोपहर 15:00 बजे टैंक न॰ 66-ळ-02इ के आउटलेट लाइन में प्रैशर गेज से हाइड्रोकार्बन गैस



का रिसाव होना शुरू हुआ और थोड़ी देर बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 15:08 बजे अग्नि एंव सुरक्षा प्रभारी ने मुख्य सुरक्षा प्रबन्धक से चर्चा करके आपातकालीन सायरन बजाने का आदेश दिया । 15:17 बजे जब हाइड्रोकार्बन का रिसाव तेजी से फैलने और आग लगने की घटना के बाद की गंभीरता को देखते

**8 आपातकालीन सायरन बजते ही फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँच गई**

हुये ऊ सुधांशु शेखर, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) ने इस घटना को एल-2 आपदा घोषित कर दिया।

आपातकालीन सायरन बजते ही फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँच गई और ज्वलनशील पदार्थ के रिसाव पर काबू करने के लिए फायर मॉनिटर और वाटर कर्टन के माध्यम से आपातकाल नियंत्रण कार्य प्रारंभ किया। एम. एल. डहरिया , कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी को इस बारे में सूचना दी गई । उनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति का आकलन करके लगभग एक घंटे के अथक प्रयास के बाद ठीक 16:14 बजे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण करके स्थिति सामान्य होने की घोषणा की गई।

इस आपदा ड्रिल के बाद एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए आपातकालीन समन्वयकों द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा डहरिया तथा संबन्धित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। डहरिया ने इस मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना करते हुए इसमें और अधिक सुधार लाने के लिए अपने मूल्यवान सुझाव भी दिए।

# चीन में शूटिंग प्रतियोगिता में गांव धीन के सरबजोत सिंह ने जीता गोल्ड



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जिला अंबाला** के गांव धीन के रहने वाले रहने वाले सरबजोत सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह ने चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स में आज 5वें दिन शाुटिंग में गोल्ड मैडल जीता।

इस अवसर पर आज गांव में जश्न का माहौल था। अंबाला छावनी के फिनिक्स क्लब में अभिषेक राणा शाुटिंग एकेडमी में भी मिठाईयां बांटते हुए सरबजोत सिंह की जीत का जश्न मनाया गया।

कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत 2016 से उनके पास कोचिंग ले रहा है। उन्होंने बताया कि सरबजोत के पिता एक किसान है। इससे पहले भी वह शाुटिंग में कई मेडल जीत चुका है। आज ऐयर पिस्टल में सरबजोत ने मैडल जीतते हुए देश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन जिलावासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। सरबजोत ने गोल्ड मैडल जीतते हुए अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा दी है। तो वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मैडल लेकर जब सरबजोत अंबाला पहुंचेगा तो उसका भव्य स्वागत किया जाएगा।

भारत का आज यह तीसरा मेडल है। इससे पहले 10 मीटर एयर पिस्टल में भारतीय मेंस टीम ने दिन का पहला गोल्ड दिलाया था। सरबजीत सिंह अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने इस इवेंट में 1734 स्कोर कर गोल्ड जीता।

वहीं भारतीय वुशु खिलाड़ी रोशिबिना देवी ने 60 किलो वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता।

भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स 2022 में अब तक 6 गोल्ड, 8 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज सहित कुल 25 मेडल जीत चुके हैं। सरबजीत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर पिस्टल मेंस इवेंट में 1734 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। यह भारत का दिन का पहला गोल्ड है। इस इवेंट में चीन ने 1733 स्कोर के साथ सिल्वर और वियतनाम ने 1730 का स्कोर कर ब्रॉन्ज जीता।

एशियन गेम्स में भारतीय मेंस स्विमिंग टीम ने 4ग100 मीटर फ्री स्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय तैराक तनिष जॉर्ज मैथ्यू विशाल ग्रेवाल, आनंद एएस और श्रीहरि नटराज ने पुरुषों के 4 गुणा मीटर में हीट में 3.21.22 का समय लेकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इसके साथ ही उन्होंने इस इवेंट में नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

## न्यूज फ्लैश

### फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डा.** शालीन ने कहा कि पराली प्रबन्धन के तहत कृषि विभाग राजस्व विभाग व पंचायत विभाग को मिलकर कार्य करते हुए किसानों को पराली न जलाने बारे जागरूक करना है और उन्हें फसल अवशेष प्रबन्धन के तहत कृषि यंत्रों का प्रयोग करने बारे प्रेरित करना है।

जिला में पराली जलाने की घटनाएं नहीं होनी चाहिए इसलिये सभी सम्बन्धित अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। उपायुक्त आज कृषि सदन अम्बाला शहर में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए दी। उपायुक्त डा0 शालीन ने उपस्थित सभी को कहा कि पराली प्रबन्धन बारे हमें किसानों को जागरूक करना है। कृषि यंत्रों की महत्वता बारे उन्हें प्रेरित करके इन यंत्रों का प्रयोग करके फसल अवशेषों का निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि पराली जलने से जहां पर्यावरण प्रभावित होता है वहीं उससे भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। उन्होंने कहा कि पराली न जलाने बारे हमें किसानों व अन्य को जागरूक करते हुए दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करना है। ग्राम सचिव,पटवारी व कृषि विभाग के अधिकारी इस कार्य को आगे आकर करें। किसानों को समझाएं कि पराली को नहीं जलाना है। उन्होंने यह भी कहा कि पराली जलने से दूसरे राज्यों पर भी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है और इसके लिये सब्सिडी भी दी जाती है।

### राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन 20 नवंबर तकः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**महिला एवं बाल** विकास विभाग द्वारा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं 20 नवम्बर तक अपने आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स, महिला खिलाड़ी, राजकीय कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला महिला उद्यमी को 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि पुरस्कार के लिए पात्र अभ्यर्थी 20 नवंबर तक अपने नामांकन जिला कार्यक्रम अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं, जोकि जिला स्तरीय रिकमेंडिंग कमेटी संस्तुति के साथ इन नामांकनों को जिला कार्यक्रम अधिकारी निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग के हरियाणा के कार्यालय को पहली दिसंबर 2023 तक भेजेंगे।

डीसी ने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डब्लूसीडीएचआरवाईडॉटजीओवीडॉटइन वेबसाइट पर विजिट करते हुए पुरस्कार के लिए योग्यताएं और शर्तें डाउनलोड की जा सकती हैं।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में शहीद भगत सिंह जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल से उपाध्यक्ष वी.के शर्मा व ड़ी. के मंगला ने विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने संस्थान के विद्यार्थियो के लिए रोटरी क्लब की शुरूआत की । यह क्लब कई तरह के जनसेवा के कार्यक्रम जैसे की स्वास्थ्य जांच शिविर , रक्तदान



शिविर , नशा विरोधी अभियान , नेकी की दीवार चलाता है । आने वाले समय मे ये सभी विद्यार्थी इन कार्यक्रमो ने अपना योगदान देंगे । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य ड़ा. राजीव सपरा ने कहा कि भगत सिंह का जन्म 28 सिंतबर 1907 को हुआ था और महज 23 वर्ष की आयु मे उन्होने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे । उन्होने कहा कि भगत सिंह एक महान क्रांतिकारी थे जिन्होने भारत को आजादी दिलाने मे अहम योगदान निभाया और उन्होने अंग्रेजो से जमकर टक्कर ली थी और उनके इस जुनून को देखकर ब्रिटिश साम्राज्य भी हिल गया था । ड़ा. सपरा जी ने विद्यार्थियो को कहा कि सभी को अपने देश को प्रेम करना चाहिए और ऐसे ही शहीदो का सम्मान करना चाहिए । इस कार्यक्रम मे मंच संचालन श्री भारत भूषण जी ने किया । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष पुष्पेंदर प्रताप, मोहित सैनी व संस्थान के रोटरी क्लब से विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सेक्टर 9 के निर्माणाधीन घर मे आग लगने से लाखों का सामान जला



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** शहर के सेक्टर 9 में एक निर्माणाधीन घर में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। जानकारी देते हुए मकान मालिक करण गर्ग ने बताया कि पिछले कई महीनों से घर बनाने का काम चल रहा था और अगले महीने 17 तारीख को गृह प्रवेश रखा था। लेकिन आज सुबह करीब 8 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली के घर से धुंआ निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह अपने घर पहुंचे तो देखा कि आग की लपटें ऊपर तक फैली हुई थी और घर के अंदर का सारा सामान धूं-धूं कर जल रहा था। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

# नगर परिषद कर्मचारियों ने भूख हड़ताल कर मांगा अपना हक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** में भी सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार को जमकर कोसा। उनका कहना है कि सरकार वादाखिलाफी कर रही है। जिसके चलते कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ 29 अक्तूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को जो समझौता किया था उसे लागू

**निशाना बनाया**

**8 कौशल निगम को भंग किया जाए तथा ठेकेदारी प्रथा डोर टू डोर आदि समाप्त करके विभाग के पे रोल पर किया जाए**

नहीं किया गया। सरकार को चाहिए कि वह यह समझौता लागू करे अन्यथा आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में कमेटी गठित की गई थी लेकिन अभी तक आगामी कार्यवाही नहीं की गई। प्रदेशभर कर्मचारियों में सरकार के प्रति गहरा रोष है।

हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए तथा ठेकेदारी प्रथा डोर टू डोर आदि समाप्त करके विभाग के पे रोल पर किया जाए। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि उनकी हड़ताल कल भी जारी रहेगी। यदि अब भी सरकार नहीं मानी तो बड़ा आंदोलन किया जा सकता है।

# बीएएमएस में दाखिले का दूसरा शेड्यूल जारी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 बीएएमएस में दाखिला प्रक्रिया जारी है। पहले दौर की काउंसलिंग के बाद श्री कृष्ण राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल समेत 11 महाविद्यालयों की 438 सीटें रिक्त हैं। दूसरे दौर का शेड्यूल आयुष विवि द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर डाल दिया गया है। विद्यार्थी 28 सितम्बर से 2 अक्तूबर सांय 5 बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ड्राफ्ट एंड काउंसलिंग कमेटी के संयोजक प्रो. वैद्य. शंभू दयाल ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं सर्जरी (बीएएमएस) में दाखिला हेतु पहले दौर की प्रक्रिया के अन्तर्गत 12 महाविद्यालयों की 319 सीटों पर विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है।

# अम्बाला उपायुक्त ने किया केंद्रीय कारागार का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**डीसी शालीन** ने केन्द्रीय कारागार अम्बाला शहर का निरीक्षण करते हुए महिला वार्ड, रसोई घर, कंटीन, बेकरी यूनिट, कंट्रोल रूम, जेल अस्पताल, वूडन फैक्ट्री, लॉउंड्री, प्रिंटिंग प्रेस के साथ-साथ अन्य स्थानों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ जेल अधीक्षक सतविन्द्र गोदारा व जेल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त डा0 शालीन ने केन्द्रीय कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक से जेल में कितने



बंदी व कैदी हैं, उसकी जानकारी लेते हुए इन्हें क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, उसकी जानकारी ली। सुरक्षा की दृष्टि से केन्द्रीय कारागार में जो कंट्रोल रूम बनाया गया है, उसकी भी जानकारी हासिल की। निरीक्षण करते हुए उन्होंने बेकरी यूनिट में जाकर वहां पर बनाये जा रहे खाद्य उत्पादों बारे जानकारी ली। इसके साथ-साथ रसोई घर में कैदियों व बंदियों के लिये जो भोजन उपलब्ध करवाया जाता है, उसकी व्यवस्थाओं को भी देखा। जेल अधीक्षक ने बताया कि रोस्टर के मुताबिक बंदियों व कैदियों को खाना उपलब्ध करवाया जाता है। इसके उपरांत उपायुक्त ने जेल अस्पताल में जाकर कैदियों व बंदियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है, उसकी भी जानकारी हासिल की। इसके उपरांत उपायुक्त ने पुलिस लाईन परिसर में स्थित कोथ रूम में जाकर जहां पर असलहे रखे हुए थे, उस स्थान का जायजा लिया।

# मेयर शक्तिरानी शर्मा ने झंडी दिखाकर बारा वफात के जुलूस को किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) रजा-ए-मुस्तफा** वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जश्ने-ईद मिलाद उल-नबी के उपलक्ष्य में सिटी पुरानी सब्जी मंडी स्थित दरगाह हजरत साई तवक्कलशाह मस्जिद से बारा वफात के जुलूस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कमेटी के सदर मोहम्मद मैराज आलम ने की। इस जुलूस में अंबाला के सैंकड़ों मुस्लिम भाईयों ने शिरकत की। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में अंबाला नगर निगम की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने शिरकत की और जुलूस को दरगाह हजरत साई तवक्कलशाह मस्जिद से झंडी दिखाकर रवाना किया। मेयर शक्ति रानी शर्मा ने मुस्लिम समाज के लोगो को जश्ने-ईद मिलाद उल-नबी की शुभकामनाये दी।

मेराज आलम ने बताया कि यह जुलूस अंबाला शहर के मुख्य बाजार तन्दुरा बाजार, सरार्फा बाजार, दाल बाजार, पटेल रोड, जगाधरी गेट, पम्मी चौक, कपड़ा मार्किट, अग्रसेन चौक, कचैहरी चौक से होते हुए बादशाही मस्जिद रणजीत नगर पहुंची। जहां भव्य जलसे का कार्यक्रम हुआ। बादशाही मस्जिद के इमाम मोहम्मद अन्सार रजवी साहब ने कहा कि आज का दिन हमारे नबी की पैदाइश का दिन है। हमे अकीदत व मोहब्बत के साथ जिक्रे मुस्तफा करना चाहिए। इसके साथ ही शम्मे रिसालत के परवाने चरागा करते है और अपने घरो और मस्जिदों पर कुमकुमे भी लगाते है। उन्होंने कहा कि खालिके कायनात ने सारी कायनात को सजाया बल्कि आसमान के सितारों को फामुस और कुमकुमे बनाकर जमीन के करीब कर दिया। मेराज आलम ने कहा कि अल्लाह ने नबी-ए-करीम को तमाम आलम-ए- इंसानियत की रहनुमाई के लिए भेजा ओर उलमा ने नबी-ए-करीम के पैगाम पर अमल करने की नसीहत के साथ लोगों से कोरोना संक्रमण के इस दौर में अधिक से अधिक गरीबों की सहायता करने की अपील की। इसके साथ ही मेराज आलम ने हुजूर के जिदंगी पर अमल करने की अपली की। इस अवसर पर कमेटी के मुख्य पदाधिकारी कलीम अशरफ, मोहम्मद नूर आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, रहमत भाई, मोहम्मद उवैश, मोहम्मद शान, अरशद अली, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, सब्बीर खान, बब्लू, फारुख, नौशाद, इसरार भाई, मासुम रजा, वाहिद भाई, इब्राहिम, तफसीर खान आदि मौजूद रहे।

# सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 सितंबर तक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थानों को वर्ष 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है। उन्होंने बताया

**आवेदन**

**8 सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं**

कि वर्ष 2024 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डीसी ने बताया कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने तथा उन्हें सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार नामक एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

इस पुरस्कार में चयनित संस्था को 51 लाख रुपये नगद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्तिगत मामले में 5 लाख रुपये नगद और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। पुरुस्कार के लिए केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही आवेदन के पात्र होंगे। पुरुस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी व आवेदन के लिए केंद्र सरकार की वेबसाइट अवाड्र्सडॉटजीओवीडॉटइन पर विजिट कर सकते हैं

# सड़क हादसे में गांव खुरचनपुर के श्रवणजीत सिंह की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला के** निकटवर्ती गांव खुरचनपुर के श्रवणजीत सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। गांव खुरचनपुर निवासी बलजिंद्र सिंह ने बताया कि उसका बड़ा भाई श्रवण जीत सिंह शाम 7 बजे अपनी बाइक पर सामान लेने के लिए गांव नन्यौला गया था। वे काफी देर तक इंतजार करते रहेए लेकिन वापस नहीं आया। रात मखमेलपुर मोड़ से थोड़ी आगे किसी अज्ञात वाहन से उसका एक्सीडेंट हो गया है। परिजनों को फोन आया कि श्रवण जीत सिंह को सड़क हादसे में गंभीर चोटें लगी है। परिजन श्रवणजीत को अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बलजिंदर सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा जहां वह खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़ा था। इसके बाद वह उसे लेकर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

नग्गल थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गणपति महोत्सव में आयोजित हुई गायन प्रतियोगिता










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रानी बाग** के महेंद्रा पार्क इलाके के रामलीला मैदान में मैत्री गणपति महोत्सव परिवार द्वारा आयोजित गणपति महोत्सव के नौवें और अंतिम दिन गायन प्रतियोगिता के कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली के अन्य क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। तो वहीं विभिन्न राज्यों के लोग भी इस कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता के भागीदार बने। तो वहीं सुबह गणेश पुत्र शुभ-लाभ की छठी का कार्यक्रम रखा गया, जिसमे इलाके के सैंकड़ों की तादात में श्रद्धालु मन में आस्था लिए शुभ लाभ की छठी मनाने पंडाल में पहुंचे। शाम के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने से पूर्व गणेश आरती की गई। उसके बाद गायन प्रतियोगिता शुरू की गई, जिसमें पुरूष महिलाओं व सभी आयु के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी मौके पर मथुरा से आई गायिका की मधुर आवाज ने समां बांधे रखा। तो लोग भी तालियां बजाने को मजबूर हो गए। इसी मौके पर संस्था के महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि गणपति पंड़ाल की सारी सजावट, लाइटों के साथ-साथ फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी रानी बाग स्थित गणपति स्टूड़ियों द्वारा मुफ्त में की गई हैं। वहीं गणपति स्टूड़ियों के मालिक विनोद का कहना हैं कि वह पिछले छः वर्ष से पंडाल की साजो-सजावट व वीडियोग्राफी बप्पा के आर्शीवाद से उनकी सेवा मैं निःशुल्क कर रहा हूं।

**कार्यक्रम में यह लोग रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पार्षद शिखा भारद्वाज के अतिरिक्त समिति के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव दीपक मेहरा, उपाध्यक्ष बलराम चावला के अलावा मोनू भाटिया, नवीन जिंदल, मोहन स्वामी, प्रवीण सियाल, अजय मल्होत्रा, प्रमोद गर्ग, अमर अग्रवाल, पीयूष रोहिला, जीतू गर्ग, विकास भाटिया, शिव मोहन मिश्रा, वासुदेव मित्तल, राजेन्द्र मंगला, जुगल सूद, सुनील खन्ना, अरुण छाबड़ा, अनिल कुमार सहित संस्था के अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# धीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष बने भाई सुभाष झा, बधाई देने वालों का लगा तांता






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** विधानसभा क्षेत्र के पूर्वांचली भाजपा नेता भाई सुभाष झा के पार्टी के प्रति लगन व कार्यों को देखते हुए उन्हें आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले धीरपुर मंडल में भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया।

**बधाई देने वालों का लगा तांता:** मंडल अध्यक्ष बनने पर सुबह से ही सुभाष झा को जहां एक ओर सोशल मीडिया पर लोगों ने बधाईयां दी, वहीं उनके निवास पर पहुंचकर कई लोगों ने उन्हें मंडल अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

**इन लोगों ने दी मुख्य रूप से बधाई:** समाजसेवी राजीव ठाकुर, आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, नरेश मलिक, विक्रम सोमानी, इंद्रजीत सिंह, अनिल झा, गौरव गुप्ता, मनोज काली रमन, अविनाश सिंह, पवन झा, भैरव झा, अनुज सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

# जहांगीरपुरी: सत्य हमेशा ही सत्य रहता है: सुरेन्द्र खर्ब




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के आई ब्लॉक में आयोजित प्रभु श्री गणेश के कई पंडालों में जाकर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने सेवा की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर रणवीर सिंह, बंटी, अनुप, अनुज, अनीता, सुमन, गीता, बबीता, ज्योति, बेबी, रामवीर सिंह, गौरव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रभु सभी के जीवन में खुशियां लाये: राजकुमार चौधरी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले शालीमार गांव में शिव मित्र मंडल द्वारा गणेश चतुर्थी पर भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी राजकुमार चौधरी, मोहित खन्ना, नवीन कुमार, अनिल कुमार, आकाश, रवि शिवम, गोलू, सोनू, राहुल कुमार, धोनी, हिमांशु, राजू, उमेश, दीपांशु, बबलु, अंकित बैलून, सोनू, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी मौजूद रहे। इस अवसर पर शिव मित्र मंडल द्वारा भंडारा का आयोजन कर लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी ने कहा कि भगवान गणपति महाराज सभी के जीवन में खुशियां लाये, यही प्रभु से हमारी कामना है। उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।

# संजय नगर-महेन्द्रा पार्क की श्रीमद् भागवत कथा में हुआ रूक्मिणी विवाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके संजय नगर-महेन्द्रा पार्क के पंचायत घर में श्रीमद् भागवत सेवा समिति संजय नगर महेन्द्रा पार्क की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है।

**कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें:** कथा वाचक आचार्य गिरधारी कृष्ण महाराज ने भक्तो से कहा कि सभी को कथा ध्यान पूर्वक सुननी चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए और हमेशा ही सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए।

**सच्चे मन से करें प्रभु की भक्ति:** कथा वाचक ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है। प्रभु उसका अवश्य ही कल्याण करते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।





**अतिथियों ने समिति के कार्यों को सराहना:** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने समिति के कार्यों की सराहना की और कहा कि सभी को इस प्रकार के कार्यक्रम अपने क्षेत्र में समय-समय पर आयोजित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण करने से कष्टो का नाश होता है। इसलिए सभी समय निकालकर कथा का श्रवण अवश्य ही करें।

इस मौके पर भाजपा नेता जय भगवान गोयल, विधायक पवन शर्मा, आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, पूर्व निगम प्रत्याशी राजीव बंसल, समाजसेवी विजय चौहान के अलावा सुरेश बंसल, दीपक डडवाल, अमित मित्तल, नवीन बागला, राजीव कौशिक, राम रतन कृष्ण स्वीटस, रमेश अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग, कोमल जुनेजा, नितिन गोयल, हरीश ग्रोवर, नरेश गर्ग मास्टर जी, संजय गोयल, राजीव गर्ग, मुकेश गर्ग, रोहित अग्रवाल, मदन कुमार, महेन्द्र वर्मा, भुवनेश गुप्ता, सुमेर सिंह सैनी, संजय राघव, सुरेन्द्र गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बसंतपुर की कालोनियों में मिलेगी मूलभूत विकास कार्यों की सौगात: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बसंतपुर की सभी कालोनियों में लोगों को अमृत-2 योजना के तहत बिजली, सीवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिंग टाइल्स से बनाई गई पक्की गलियों तथा एलईडी दूधिया रोशनी की लाइटिंग सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने की गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय योजना के तहत समाज के अन्तिम छोर के व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर गत देर सायं बसंतपुर की समस्त जनता और सभी कालोनियों की आरडब्लूए द्वारा आयोजित अभिनन्दन सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित विशाल जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले बसंतपुर में कितना विकास हुआ था और 2014 के बाद कितना विकास हुआ ये किसी से छुपाया नहीं जा सकता। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 63 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाली बसंतपुर की फिरनी और गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद से जयपुर से सिर्फ 2 घंटे में पहुंचा जा सकता है। रणथंभौर का सफर साथ तीन घंटे में पूरा किया जा सकता है। अगले महीने में एक नया हाईवे रोड शुरू हो जाएगा जिससे मेरठ एक घंटा और गाजियाबाद 40 मिनट में फरीदाबाद से पहुंचा जा सकेगा और यह आने वाले समय में देहरादून से जोड़ी जाएगा ताकि फरीदाबाद से देहरादून का सफर मात्र तीन घंटे में पूरा किया जा सके। इस तरह दिल्ली वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे से जेवर



एयरपोर्ट के लिए नए रोड का कार्य शुरू हो चूका है। जिससे आप मात्र आधे घंटे में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सके। वहीं बड़खल चौक से जो सड़क अम्मा हॉस्पिटल जा रही है वही सड़क आगे नोएडा और गाजियाबाद तक जोड़ी जाएगी ताकि नेट और गाजियाबाद 20 मिनट में पहुंचा जा सके। इसकी डीपीआर तैयार हो गई है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज इन 9 सालों में एक चाय बेचने वाले गरीब ने वो काम कर दिखाया है जो काम चांदी की थाली में, कटोरी में खाने वाला नहीं कर सका। जरूरी नहीं प्रधानमंत्री कोई खानदानी नेता हो या बड़े घर में से बनने वाला ही देश की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएं। एक चाय बेचने वाला भी पूरी दुनिया में भारत के गौरव को बढ़ा सकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया है जिसे यह सारा देश और दुनिया देख रही है। जब अमेरिका का राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी जी से उनके ऑटोग्राफ माँगा है। ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रपति कहता है मोदी बॉस और दुनिया के इतिहास में हमने यह पल आज तक नहीं देखा कि किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने किसी दूसरे देश के प्रधानमंत्री के पैरों को हाथ लगाया हो। इटली की प्रधानमंत्री कहती है मोदी से ज्यादा लोकप्रिय नेता कोई नहीं तो यह सब सुनकर हम देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में प्रदेश में साईकिल पर यात्राएं करके कपड़े बचने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार गरीब परिवारों के हितों की रक्षा करते हुए अनेक जनहितैषी फैसले लेकर गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को लागू करने का काम कर रही है। गरीब परिवारों की सालाना आय 120000 से बढ़ाकर 180000 रुपये की गई है। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार रुपये है उन्हें फ्री में राशन, पीला राशन कार्ड और उनके परिजनों का पांच लाख रुपये की धनराशि का सालाना मुफ्त में इलाज करवा जा रहा है।

अभिनन्दन समारोह को विनोद अवाना, ओपी रैक्सवाल, रवि भड़ाना ने भी संबोधित किया।

ये रहे मुख्य रूप से मौजूद

अभिनन्दन समारोह में चौ. अन्तलाल पहलवान, चौ. बेदी भड़ाना, चौ. किरन पाल अवाना, चौ. राजे नेता, चौ. सतपाल नेता, चौ. सुखराज प्रधान, चौ. राम कुमार भड़ाना, चौ. विजय पाल अवाना, चौ. ओम प्रकाश रेक्सवाल निवर्तमान पार्षद, चौ. रवि भड़ाना, चौ. विनोद अवाना, चौ.मंगत राम अवाना, चौ. पप्पी चेयरमैन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

ये रहे स्वागत कर्ता

अभिनन्दन समारोह के स्वागत क्रताओं में चौ. सुनील भड़ाना,चौ. राम कुमार भड़ाना, चौ. सुरजीत रावत, चौ. जितेन्द्र भाटी, चौ. वीरेंद्र पायला, चौ. रमेश पायला, चौ. लोकेन्द्र भड़ाना, डॉ. हरी चंद अवाना, चौ.दीपक नागर, चौ. नरेन्द्र भड़ाना, चौ. प्रवीण नागर, चौ. भगवत भड़ाना, चौ. सुभाष भाटी, सुनील बैसला,मनोज दुबे, लक्खी चंद गुप्तन, आशुतोष गुप्ता, धनन्जय झा, मरियम सरन मेडम, राकेश मिश्रा, अशोक गहलोत, महेश, प्रभात सिंह, अभिजीत राय, जय किशोर झा, अमित गिरी, शिव मंगल, मनीष, राजेश शर्मा, डॉ. प्रिंस,रमेश, सुरेश, हरीश रावत, राजेश शर्मा, रत्नेश यादव, विकास शर्मा, अभिजीत आनंद, संजय चौधरी,मौ. निजाम, मौ. चाँद, गुड्डी राय,जागीर, चौ. विजय मैनेजर, चौ. सुखराज प्रधान, चौ. देवेन्द्र भड़ाना, चौ. किशन नम्बरदार, चौ. रामवीर नम्बरदार, चौ. धर्मपाल अवाना, चौ.महिपाल नम्बरदार, चौ. जय प्रकाश भड़ाना, चौ. सुनील भड़ाना,चौ. दयाचंद बैसला, चौ. जगत भड़ाना, चौ. राम कुमार भड़ाना, चौ. जगत राम अवाना,चौ.मंगत राम अवाना (मुखिया), चौ. रवि अवाना, चौ. कंवरपाल भड़ाना, चौ. पवन नागर, चौ. संजीव बैसला, चौ.पंकज रेक्सवाल, चौ.वीरेन्द्र पायला (प्रधान शिव एन्क्लेव), मनोज दुबे, शिव मंगल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन व घरों में दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों को अनजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार सहित 3 आरोपियो को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** ᴾ पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य द्वारा 15 दिन पहले डीसीपी क्राईम,एसीपी क्राईम और सभी क्राइम ब्राच प्रभारीयो को मीटिंग में अपराध में अंकुश लगाने दिए गए आदेश पर कार्रवाई करते हुए डीसीपी क्राइम श्री हेमेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर शहर में अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधिक गतिविधियों में में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेन्द्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित वाहन व घरों में चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में असिफ अली, सुनिल और अजय उर्फ भाटी का नाम शामिल है। आरोपी असिफ अली पर्वतीय कॉलोनी का, सुनिल सुरुरपुर का तथा आरोपी अजय उर्फ भाटी यादव कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम एएसआई सुरेश, मुख्य सिपाही अमित, जवाहर, सिपाही संदीप, अमित औ? अंकित ने अपने सूत्रो से प्राप्त सूचना से 11 सितम्बर को प्याली चौक से काबू किया था। आरोपियो से 2 देसी कट्टा, 2 जिन्दा रोंद व एक बटनदार चाकू बरामद किया गया। जिसमें आरोपी सुनिल और आसिफ से 1-1 देसी कट्टा और जिंदा रोंद तथा आरोपी अजय उर्फ भाटी से बटनदार चाकू बरामद किया है। आरोपियो के खिलाफ थाना सारन में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो को पूछताछ के लिए 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 2 देसी कट्टे,2 जिंदा रोंद और चाकू को पलवल के कोट गांव के रहने वाले जमील से 15000/-रु में वारदातों को अंजाम देने के लिए खरीद कर लाए थे। आरोपियो से रिमांड के दौरान 4/5 वाहन चोरी व घरों में चोरी की वारदातो का खुलासा हुआ है। आरोपियो को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी जमील अवैध हथियार के मामले में जेल में बंद था। आरोपी जमील को जेल से प्रोडक्शन पर लेकर पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। तीनों आरोपियो (असिफ अली, सुनिल और अजय उर्फ भाटी)से पुलिस रिमांड के दौरान थाना सारन में घरों में चोरी के 2 मामले को सुलझाते हुए अंगूठी,चैन,लॉकेट, 2 जोडी कान की बाली, लोंग नाक की,मंगलसूत्र लॉकेट सहित, मोबाईल फोन व चांदी की 10 जोडी पायल,9 जोडी बिछिया बरामद किए है। आरोपियो को पुलिस रिमांड पुरा होने पर अदालत में पेश करे फिर से परमिशन लेकर 2 दिन के पुलिस रिमांड में सारन के दोनों मामलो को सुलझाया गया था। आरोपी को 17 सितम्बर को 2 दिन के प्रोडक्शन पर लेकर आरोपियो से पूछताछ में थाना डबुआ का वाहन चोरी के मामले को सुलझते हुए के मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियो को पूछताछ में बरामदगी के बाद 20 सितम्बर को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। आरोपी को अन्य मामलो में पूछताछ के लिए पुलिस प्रोडक्शन के लिए 21/22 सितम्बर को कोर्ट से परमिशन मांगी, जो 26 सितम्बर को आरोपी को माननीय अदालत से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियो से थाना मजेसर का घर में चोरी का मामला सुलझाते हुए सोने की 2 अंगूठी, एक जोडी कान की झुमकी बरामद की गई है। आरोपियो ने क्त्क्त्छ गोल्ड लोन कंपनी और मुथूट फाइनेंस गोल्ड लोन कंपनी से 24684/-रू में गिरवी रखकर लोन लिया था। आरोपियो से थाना सारन, डबुआ, सेक्टर-58 और मजेसर के 8 वाहन चोरी व घरों में चोरी के मामलो का खुलासा हुआ है। मामलों में बरामदगी के लिए माननीय अदालत में से पुलिस प्रोडक्शन पर लिया जाएगा। आरोपियो से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी प्याली चौक पर घर में चोरी के लिए रेकी करने के लिए आए थे। जो मौका देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देते। तीनों आरोपियो ने जेल से जमानत पर आने के बाद पिछले 3 महिनों में करीब 12 वारदातो को अंजाम दिया है। तीनों आरोपियो पर पूर्व में 8 वारदात थाना धौज, शहर बल्लबगढ़, सारन,मुजेसर, महिला थाना सैन्ट्रल और आदर्श नगर में वाहन चोरी अवैध हथियार, घर में चोरी और पोक्सो की धाराओं में मामले दर्ज है।

### 500 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिन्द्र की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कुलदीप उर्फ कुल्लू है। आरोपी बल्लबगढ़ के गांव चंदावली का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया से काबू किया है।

# पुलिस आयुक्त ने यातायात के निर्बाध संचालन के संबंध में दिए दिशा निर्देश

क-

**8 यातायात पुलिसकर्मी चालान करते समय अपना बॉडी कैमरा हमेशा ऑन रखें**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, यातायात थाना प्रबंधक दर्पण कुमार सहित यातायात पुलिस में तैनात सभी ट्रैफिक इंस्पेक्टर, जेडओ, स्मार्ट सिटी सेंटर प्रभारी, पोस्ट चालान प्रभारी के साथ यातायात प्रबंधन तथा सड़क



सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित कर पुलिस अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने डीसीपी व एसीपी ट्रैफिक को निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का विवरण प्रतिशत सहित दर्शना सुनिश्चित करें जिसमें ऑनलाइन व नकद चालान, पोस्ट चालान, इत्यादि का ब्योरा शामिल हो। सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु या क्षति का विवरण आईआरडीए सॉफ्टवेयर में प्रतिदिन दर्ज किया जाना चाहिए ताकि यह पुलिस रिकॉर्ड में लगातार अपडेट होता रहे। ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहां पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा घटित होती हों तथा उन स्थानों का निरीक्षण कर वहां पर जाम की स्थिति से निपटने के उपाय करें तथा सड़क व चौराहों को जाम से मुक्त करवाने के साथ ही डीसीपी ट्रैफिक राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करें तथा राजमार्ग पर उन स्थानों को चिन्हित करें जहां पर लोहे की ग्रिल टूटी हुई है और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करके उन्हें ठीक करवाए ताकि सड़क पार करने वाले व्यक्तियों में कमी लाकर दुर्घटनाओं को रोका जा सके। फरीदाबाद में जलभराव की समस्या अधिक है इसलिए जिन स्थानों पर जल भराव अधिक होता है उन्हें चिन्हित कर संबंधित प्रशासनिक विभाग से पत्राचार करें। यातायात से संबंधित पूर्व में किए गए सभी प्रकार के पत्राचार जिनका कार्य पूरा नहीं हुआ है उसके लिए संबंधित विभाग को स्मरण पत्र जारी करें जिसमें पूर्व में भेजे गए पत्राचार का विवरण स्पष्ट रूप से दशार्या गया हो तथा 15 दिन के अंदर एनएचएआई, एमसीएफ, हुड्डा, एफएमडीए के अधिकारियों के साथ मीटिंग करवाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर साइन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें ताकि यात्रियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

# मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर फसल का पंजीकरण के लिए तीन दिन के लिए पोर्टल खुला : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारत डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर फसल का पंजीकरण के लिए तीन दिन के लिए पोर्टल खोला गया है। डीसी ने कहा कि जिन किसानों ने अपनी खरीफ की फसलों का आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर पंजीकरण नहीं करवाया है। वें किसान अवश्य फसल पंजीकरण करवा लें। ताकि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अमृत काल में किसानों को दी जाने वाली विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ का क्रियान्वयन ऑनलाइन



प्लेट फार्म प्रणाली पर ही किया जा रहा है। इसलिए किसानों के हित के लिए यह पोर्टल तीन दिनों के लिए ओपन किया गया है। ताकि किसान अपनी जमीन पर बिजाई की फसलों का पंजीकरण करवा लें। बता दें कि हरियाणा राज्य में बहुत से किसानों ने अभी तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है। जिसके चलते 27-09-2023 को प्रदेश के कृषि मंत्री की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों के साथ एक मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को तीन दिन यानि 28-09-2023 से 30-09-2023 तक तथा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 01-10-2023 से 30-11-2023 तक फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने जिला के किसान भाइयों से आह्वान करते हुए कहा कि वे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल व ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पुनः खोला जा रहा है।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गोविंद और दिनेश का नाम शामिल है। आरोपी गोविंद फरीदाबाद के गांव भनकपुर का हाल में एसजीएम नगर के एरिया में तथा आरोपी दिनेश फरीदाबाद के गांव भाखरी का रहने वाला है।

# स्वस्थ जीवनशैली व नियमित स्वास्थ्य जांच से दिल की बीमारियों से बचाव संभव : डा. एस.एस. बंसल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हर साल 29 सितंबर को हम विश्व हृदय दिवस को मनाते हैं। यह दिन हृदय रोग के बारे में जागरूकता फैलाने के एक अंतरराष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है क्योंकि दुनिया में हर साल 1.7 करोड़ लोग हृदय अटैक की वजह से मर जाते हैं, जिसमें सबसे अधिक मौतें भारत में होती हैं। दुनिया के अधिकांश हिस्सों में आधुनिक जांच और उपचार के तौर-तरीके उपलब्ध होने के बावजूद यह पूरी दुनिया में हो रहा है। हृदय रोग की शीघ्र पहचान और समय पर इलाज से इसे आसानी से रोका जा सकता है। बीमारी की मूक प्रकृति और इसके जोखिम कारकों के कारण लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। यह जानकारी देते हुए एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सीएमडी एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. एस. बंसल ने बताया कि हार्ट अटैक की अचानक और शांत प्राकृतिकता और जाँच में देरी मौत के मुख्य कारण हैं। भारत में हर साल हार्ट अटैक की वजह से लाखों लोगों अपना जीवन खो देते हैं, जिनमें 16 प्रतिशत लोग हार्ट अटैक के एक घंटे के भीतर ही मर जाते हैं, इससे पहले कि वे या उनके परिवार जन यह जान पाएं कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ है, वे अक्सर अचानक ही मर जाते हैं।



उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक कभी कभी सोते समय भी आ जाता है और मरीज को उसकी जाँच या इलाज करवाने का भी मौका नहीं मिलता। इसमें बिना किसी लक्षण के अचानक मृत्यु होना एक आम बात हो गयी है। कोलेस्ट्रॉल ब्लॉक वर्षों तक मानव हृदय में चुपचाप तब तक बनता रहता है जब तक कि ब्लॉक 70 प्रतिशत या उससे अधिक तक नहीं पहुंच जाता। हृदय रोग से पीड़ित लगभग 30 से 40 प्रतिशत व्यक्तियों में, विशेष रूप से मधुमेह रोगियों में, 90 प्रतिशत से अधिक मरीजों के गंभीर ब्लॉक भी कोई लक्षण नहीं दिखाते। हालांकि दिल का दौरा 50 प्रतिशत ब्लॉक के साथ भी हो सकता है जो जोरदार शारीरिक गतिविधि या व्यायाम में अचानक वृद्धि के कारण हो सकता है। यही कारण है कि सबसे विश्वसनीय परीक्षण द्वारा शीघ्र पता लगाना इस साइलेंट किलर से होने वाली मृत्यु को रोकने का एकमात्र उपाए है। शीघ्र पता लगाने के लिए सबसे विश्वसनीय परीक्षण सी.टी कोरोनरी कैल्शियम स्कोरिंग और सी.टी कोरोनरी एंजियोग्राफी है।

# विधायक ने गांवों में विकास के लिए की सीईओ संग बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** विधायक राजेश नागर ने आज जिला परिषद की सीईओ आसिमा सांगवान के साथ बैठक की। उन्होंने सीईओ से कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में सडकों, गलियों एवं जोहड़ों से जुड़े विकास के कार्यों को तेज करें। यह बैठक सेक्टर 12 स्थित जिप कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें पंचायत विभाग के एसई और एक्सईएन भी मौजूद रहे। नागर ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में विकास की गति को तेज किया जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए फिलहाल चल रहे कार्यों की गति को बढ़ाया जाए। वहीं अन्य कार्यों के भी एस्टीमेट बनाकर जल्द से जल्द उनके टेंडर करवाएं। नागर



ने कहा कि गांवों में जोड़हों की सफाई करने और उनके किनारे पक्के करने के काम भी तेज गति से करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि गांव में जोहड़ पर अनेक चीजें निर्भर रहती हैं जिसमें पानी की निकासी भी बड़ा मामला है। विधायक राजेश नागर ने ग्रामीण इलाकों के लिए ट्यूबवैल ऑपरेटरों को लगाया जाना है। जिनको सही तरीके से नियुक्ति दी जाए जिससे कि लोगों को उनका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के मामले में किसी प्रकार की कोताही नहीं बर्दाश्त नहीं करेगी। इसलिए आप लोग यदि किसी भी नकारात्मक कार्रवाई से बचना चाहें तो अपने कार्य कौशल से जनता को लाभ पहुंचाने की दिशा में काम करें। नागर ने कहा कि हम और आप मिलकर जनता को सुविधाएं देने के लिए यहां पर हैं। हमें अपना काम मन लगाकर करना चाहिए। यदि आपको किसी प्रकार की विभागीय दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है या किसी अन्य स्थानीय दिक्कत का सामना करना पड़ता हो तो मैं हमेशा उपलब्ध हूं। सीईओ आसिमा सांगवान ने एसई, एक्सईएन से कहा कि वह सभी की सूची बनाएं और उनकी प्राथमिकता को तय करें। जिससे कि काम को गति दी जा सके।

# फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में महिला और लड़की का एक साथ बायलेटरल कॉकलियर इंप्लाट किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने दो महिला रोगियों में एक साथ बायलेटरल कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की है, जिससे उनकी सुनने की क्षमता बहाल हो गई है। दिल्ली की रहने वाली एक 23 वर्षीय महिला और 4 वर्षीय लड़की, सुनने में परेशानी से पीड़ित थीं। महिला को बचपन से ही धीरे-धीरे सुनने की समस्या से जूझना पड़ा, जब तक कि उसकी सुनने की क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हो गई। दूसरी ओर, युवा लड़की को जन्म के एक साल बाद बहरेपन का पता चला। जब मरीजों की सुनने की शक्ति बहाल करने के सभी विकल्प विफल हो गए तो उन्हें फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल में लाया गया। ईएनटी और कॉकलियर इंप्लांट विभाग के एचओडी डॉ. एन.एन.माथुर ने कहा, ह्लमरीजों के दोनों कानों में सुनने की क्षमता को अधिकतम करने के लिए बायलेटरल कॉकलियर प्रत्यारोपण महत्वपूर्ण है। बायलेटरल कॉकलियर प्रत्यारोपण न केवल सुनने की क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि श्रवण हानि वाले व्यक्तियों के लिए ध्वनि स्थानीयकरण, भाषण स्पष्टता और जीवन की समग्र गुणवत्ता में भी सुधार करते हैं। यह उस गहराई और आयाम के समान है जो त्रिविम दृष्टि प्रदान करती है, जो एक समृद्ध और अधिक संपूर्ण श्रवण अनुभव की अनुमति देती है।" फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल के ईएनटी एवं कॉक्लियर इम्प्लांट्स विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. शोमेश्वर सिंह ने कहा, ह्लडब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार, बहरापन भारत की लगभग 6% आबादी को प्रभावित करती है, जो लगभग 63 मिलियन लोग हैं। प्रत्येक 1,000 जीवित जन्मों में से 4-8 बच्चे बहरेपन के साथ पैदा होते हैं। गंभीर बहरेपन वाले लोगों में कॉकलियर इंप्लांट की



आवश्यकता होती है। हालाँकि, इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द किया जाना चाहिए क्योंकि यदि इसे स्थगित कर दिया जाता है, तो मस्तिष्क शांत हो सकता है और दृश्य संकेतों पर अधिक निर्भर हो सकता है।" फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग की कंसलटेंट डॉ. अपर्णा महाजन ने कहा, "समय पर जांच महत्वपूर्ण है क्योंकि शिशु की सुनने की क्षमता में कमी पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। श्रवण यंत्र या कॉक्लियर इंप्लांट के साथ शुरूआती हस्तक्षेप से परिणामों और बच्चे की सुनने की क्षमता में काफी सुधार होता है। कॉक्लियर इंप्लांट 8-9 महीने की उम्र तक सबसे प्रभावी है।" कॉकलियर इम्प्लांट्स छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं, जो आंतरिक कान के कोक्लीअ में रखे गए इलेक्ट्रोड के माध्यम से श्रवण तंत्रिका को उत्तेजित करते हैं। इन्हें एक कान (एकतरफा) या दोनों कानों (द्विपक्षीय) में रखा जा सकता है। एक साथ द्विपक्षीय कॉकलियर इम्प्लांटेशन में, एक ही सर्जिकल सेशन में मरीज के दोनों कानों में कॉकलियर इम्प्लांट लगाया जाता है। चार घंटे तक चलीं दोनों सर्जरी अमृता अस्पताल की टीम द्वारा की गईं, जिसमें डॉ. शोमेश्वर सिंह, डॉ. अपर्णा महाजन और ऑडियोलॉजिस्ट दिव्या चौहान शामिल थीं। प्रक्रिया सफल रही और सर्जरी के तीन सप्ताह बाद कान में लगे उपकरणों को चालू करने से दोनों मरीज बिना किसी हानि के आवाज सुनने में सक्षम हो गए। डॉ. शोमेश्वर सिंह ने कहा, ह्लएक साथ द्विपक्षीय कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए एनेस्थेटिक जटिलताओं को कम करने के लिए विशेषज्ञ कौशल, विशेष प्रशिक्षण और शीर्ष बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। सर्जनों को टेम्पोरल हड्डी के माध्यम से ड्रिल करना पड़ता है, यह कठोर हड्डी जिसे आप एक ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और चेहरे की तंत्रिका मॉनिटर के तहत कान के पीछे महसूस करते हैं। वे लक्ष्य से आधा मिलीमीटर भी दूर नहीं रह सकते, क्योंकि इससे चेहरे का पैरालाइसिस हो सकता है। हालांकि, तकनीक अच्छी तरह से विकसित है और अनुभवी हाथों में, किसी भी जटिलता की संभावना 1% से भी कम है। बायलेटरल कॉकलियर इम्प्लांट प्राप्तकर्ता ध्वनि के स्रोत का पता लगाने और बहुत अधिक आराम और आसानी से ध्वनि सुनने में सक्षम होता है। केवल एक कान से सुनने की क्षमता होने से थकान नहीं होती।ह्व डॉ. अपर्णा महाजन ने कहा, ह्लवैश्विक स्तर पर, बायलेटरल कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी आदर्श है। हालाँकि, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम केवल एक कान में संचालन के लिए लागत का समर्थन करते हैं। सरकारी सहायता के अभाव में, प्रक्रिया की उच्च लागत लोगों को एक ही समय में दोनों कानों का ऑपरेशन कराने से रोकती है। दोनों कानों से सुनने में अक्षम बच्चों और वयस्कों के लिए बायलेटरल कॉकलियर इम्प्लांटेशन समय की मांग है।"

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में जनता तक उत्तम स्वास्थ्य निदान पहुंचाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर्स के सुदृढ़ीकरण पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में कई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। खासतौर पर सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों, सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों, ट्रीटमेंट व रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में मॉडर्न मेडिकल इक्विमेंट्स इंस्टॉलेशन के साथ ही ढांचागत व बुनियादी जरूरतों की पूर्ति कर उन्हें वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज से लैस करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में अब योगी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के कुल 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प किया जाएगा। जिन जिलों में 1-1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है उनमें श्रावस्ती, बलिया, बलरामपुर, उन्नाव, कौशाम्बी, मुजफ्फरनगर, चित्रकूट, महोबा, लखनऊ, बदायूं व सुल्तानपुर शामिल हैं। वहीं, हापुड़ जिले में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन सभी 13 सामुदायिक स्वाथ्य केंद्रों के कायाकल्प के लिए योगी सरकार 8.58 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करने जा रही है जिसे शासन से वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। प्रदेश के जिन 12 जिलों के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपग्रेडेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जा रहा है उनमें हापुड़ के बहादुरगढ़ व गोहरा आलमगीर का नाम प्रमुख है। वहीं, श्रावस्ती के लक्ष्मणपुर बाजार, बलिया के सहतवार, उन्नाव के ऊंचगांव, कौशाम्बी के करारी, मुजफ्फरनगर के सिसौली, चित्रकूट के रैपुरा, महोबा के श्री नगर, लखनऊ के बेहटा, बदायूं के इस्लामनगर व सुल्तानपुर के डिहदुग्धुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम भी उन सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों में शामिल है जिन्हें अपग्रेड करने की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश के कई स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों के मॉडर्नाइजेशन का प्रयास योगी सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में, लखनऊ स्थित वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में 2 बेबी ट्रांसपोर्टेशन इनक्यूबेटर की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 4 लाख रुपए, 3 एक्टोक्लेव मशीन की खरीद व इंस्टॉलेशन के मद में 60 हजार व एमएनसीयू में 6 वॉर्मर मशीनों की खरीद व इंस्टॉलेशन के लिए 9.40 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।




## सफलता, विकास एवं उपलब्धियों का गौरवशाली वर्ष

G20 भारत 2023 INDIA

एसजेवीएन SJVN

मिशन 2026 12000 मेगावाट

हमारा साझा विज़न 25000 मेगावाट वर्ष 2030 तक

हमारा साझा विज़न 50000 मेगावाट वर्ष 2040 तक

नन्द लाल शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन का 35वीं वार्षिक आम बैठक में संभाषण

50,534 मि.यू. के साथ एकल दिवस में अब तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन।

उच्चतम पोर्टफोलियो वृद्धि- 23,909 मेगावाट की 24 परियोजनाएं।

प्रचालन से 2935.41 करोड़ रुपए की अब तक की सर्वाधिक आय।

(नन्द लाल शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 03495554

दिनांक: 28 सितम्बर, 2023
स्थान: शिमला

एसजेवीएन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
मिनी रत्न एवं शेड्यूल 'ए' पीएसयू
Visit us at: www.sjvn.nic.in

SJVN LIMITED
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of Himachal Pradesh)
A Mini Ratna & Schedule "A" PSU
CIN : L40101HP1988GOI008409

Regd. Off.: Shakti Sadan, SJVN Corporate Office Complex, Shanan, Shimla - 171006, Himachal Pradesh (India)